Adda247
GET IT ON Google Play

# UPPSC प्रति उपविद्यालय निरीक्षक (SDI) परीक्षा 2006

## Part–I

व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (परीक्षा तिथि : 27-07-2008)

### भाग-1 : सामान्य अध्ययन

1. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूटों का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. हसन निजामी | 1. आलमगीर नामा |
| B. ख्वन्दामीर | 2. नुस्ख-ए-दिलकुशा |
| C. मुहम्मद काज़िम | 3. हुमायूँनामा |
| D. भीमसेन | 4. ताजुल मासिर |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (c) | 2 | 4 | 3 | |
| (d) | 1 | 3 | 2 | 4 |

**Ans. (a) :** सही सुमेल है–

| | | |
|---|---|---|
| हसन निजामी | – | ताजुल मासिर |
| ख्वन्दामीर | – | हुमायूँनामा (कानून-ए-हुमायूँनी) |
| मुहम्मद काजिम शीराजी | – | आलमगीरनामा |
| भीमसेन | – | नुस्ख–ए–दिलकुशा |

2. निम्नलिखित में से किसने मुगल सेना में सबसे अधिक राजपूत एवं मराठा सेनापतियों को रखा था?
(a) शेरशाह ने (b) अकबर ने
(c) जहाँगीर ने (d) औरंगजेब ने

**Ans. (d) :** औरंगजेब ने मुगल सेना में अन्य बादशाहों से ज्यादा राजपूत एवं मराठा सेनापतियों को रखा था। ऐतिहासिक तथ्य बताते हैं कि औरंगजेब के पिता शाहजहाँ के शासनकाल में मुगल सेना एवं अन्य प्रशासनिक पदों पर हिन्दुओं की तादाद 24 फीसदी थी जो औरंगजेब के समय में 33 फीसदी तक हो गयी थी।

3. अशोक के द्वितीय शिलालेख में निम्नलिखित में से किसका उल्लेख नहीं है?
(a) चोल (b) सातवाहन
(c) पाण्ड्य (d) सतियपुतो

**Ans. (b) :** अशोक के द्वितीय शिलालेख में सातवाहन का उल्लेख नहीं है। इसमें निम्नलिखित पाँच राज्यों का उल्लेख है, चोल, चेरि (केरलपुत्त), पाण्ड्य, सतियपुत्र तथा ताम्रपर्णी (श्रीलंका)। इसके साथ ही द्वितीय शिलालेख में समाज कल्याण, मनुष्य व पशु चिकित्सा संबंधी बातों का उल्लेख है। तेरहवें शिलालेख में कलिंग युद्ध का वर्णन है।

4. यह किसका कथन है,
"विदेशी कपड़ों को जलाना एक निष्ठुर बर्बादी है"?
(a) बी.आर. अम्बेडकर का
(b) सुभाष चन्द्र बोस का
(c) मुहम्मद अली जिन्ना का
(d) रबीन्द्रनाथ टैगोर का

**Ans. (d) :** महात्मा गाँधी द्वारा अंग्रेजों के विरूद्ध चलाये गए असहयोग आंदोलन में विदेशी कपड़ों की होली जलाने को गुरूदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर ने निष्ठुर बर्बादी कहा, क्योंकि यह अधनंगे, गरीब भारतीयों के प्रति अपराध था।

5. विदेशी राजा जिसने समुद्रगुप्त से अनुरोध किया था कि उसे भारत में बौद्ध विहार बनाने की अनुमति दी जाय, वह था
(a) महेन्द्र वर्मन (b) मेघ वर्मन
(c) यशो वर्मन (d) शशांक वर्मन

**Ans. (b) :** समुद्रगुप्त का समकालीन लंका नरेश मेघ वर्मन था। चीनी स्रोतों से पता चलता है कि उसने समुद्रगुप्त के पास उपहारों सहित एक दूत मण्डल भेजा था। गुप्त नरेश की आज्ञा से उसने बोधगया के उत्तर में लंका के बौद्ध भिक्षुओं के लिए एक भव्य विहार बनवाया था।

6. दिल्ली का वह प्रथम शासक कौन था जिसने दरबार में गैर-इस्लामी प्रथाओं का प्रचलन प्रारंभ किया?
(a) बलबन (b) इल्तुतमिश
(c) शेरशाह (d) अकबर

**Ans. (a) :** बलबन दिल्ली का वह प्रथम शासक था जिसने दरबार में गैर इस्लामी प्रथाओं का प्रचलन प्रारंभ किया। इस क्षेत्र में उसके आदर्श ईरानी बादशाह थे। उसने 'सिजदा' (भूमि पर लेटकर अभिवादन करना) और पैबोस (सुल्तान के चरणों को चूमना) की रीतियाँ आरम्भ की। बलबन द्वारा लागू यही प्रथाएं गैर–इस्लामी मानी जाती हैं। उसके दरबार में प्रत्येक वर्ष ईरानी त्यौहार 'नौरोज' बड़ी शान शौकत के साथ मनाया जाता था।

7. निम्नलिखित युग्मों में से कौन सही सुमेलित नहीं है?
(a) संवाद कौमुदी→राजा राम मोहन राय
(b) जाम-ए-जमशेद→ पी.एम. मोतीवाला
(c) सन्ध्या→ एस. सदानन्द
(d) समता→ बी.आर. अम्बेडकर

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

80,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

20,000+ Previous Year Papers

500% Refund

IBPS

NABARD

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247 GET IT ON Google Play

**Ans. (c) :** उपरोक्त प्रश्न में विकल्प (c) सही सुमेलित नहीं है। सही सुमेल निम्नलिखित है–

| | | |
|---|---|---|
| संध्या | – | ब्रह्मबांधव उपाध्याय |
| संवाद कौमुदी | – | राजा राम मोहन राय |
| जाम–ए–जमशेद | – | पी.एम. मोतीवाला |
| समता | – | बी.आर. अम्बेडकर |

**8. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूटों का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए:**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. दादाभाई नौरोजी | 1. सत्यार्थ प्रकाश |
| B. दयानन्द सरस्वती | 2. आनन्द मठ |
| C. बाल गंगाधर तिलक | 3. पावर्टी एण्ड अन-ब्रिटिश रूल इन इंडिया |
| D. बंकिम चन्द्र चटर्जी | 4. गीता रहस्य |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

**Ans. (d) :** सही सुमेल है–

| सूची–I | सूची–II |
|---|---|
| दादा भाई नौरोजी | पावर्टी एण्ड अनब्रिटिश रूल इन इण्डिया |
| दयानंद सरस्वती | सत्यार्थ प्रकाश |
| बाल गंगाधर तिलक | गीता रहस्य |
| बंकिम चंद्र चटर्जी | आनन्द मठ |

**9. निम्नलिखित में से कौन सा कथन रम्पा विद्रोह के विषय में असत्य है?**

(a) ब्रिटिश जंगल नीति के विरूद्ध यह गरीब जनजातियों का आन्दोलन था।

(b) रामा राजू इसका नेता था।

(c) इसको दबाने में अंग्रेजों को सेना का सहारा नहीं लेना पड़ा था।

(d) अंग्रेजों द्वारा रामा राजू इस विद्रोह में मारा गया।

**Ans. (c) :** उपरोक्त प्रश्न में विकल्प (c) गलत है। रम्पा विद्रोह वर्ष (1922-24) में गोदावरी (आंध्र प्रदेश) के उत्तर में स्थित रम्पा क्षेत्र की जनजातियों ने ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध किया था। यह ब्रिटिश जंगल नीति के विरूद्ध गरीब जनजातियों का आंदोलन था। रामा राजू इसके नेता थे जिनका पूरा नाम अल्लूरी सीताराम राजू था। इसको दबाने के लिए अंग्रेजों ने सेना की सहायता ली। अंग्रेजों द्वारा रामा राजू को इस विद्रोह में मार दिया गया।

**10. "हिन्द स्वराज" पुस्तक मूलतः जिस भाषा में लिखी गयी, वह है**

(a) अंग्रेजी (b) गुजराती

(c) हिन्दी (d) तमिल

**Ans. (b) :** "हिन्द स्वराज" पुस्तक मूलतः गुजराती भाषा में 1909 में लिखी गयी थी। इस पुस्तक की रचना महात्मा गांधी ने की। यह लगभग तीस हजार शब्दों की लघु पुस्तिका है, जिसे गांधी जी ने इग्लैण्ड से दक्षिण अफ्रीका की अपनी यात्रा के समय पानी के जहाज में लिखा। इसे भारत में अंग्रेजों ने यह कहते हुए प्रतिबंधित कर दिया कि इसमें राजद्रोह घोषित सामग्री है। यह सर्वप्रथम दक्षिण अफ्रीका के साप्ताहिक पत्र 'इंडियन ओपिनियन' में प्रकाशित हुई थी।

**11. निम्नलिखित क्रान्तिकारियों में से कौन गोरखपुर जेल में फाँसी पाया था?**

(a) अशफाक उल्ला खाँ

(b) रोशन सिंह

(c) राजेन्द्र लाहिड़ी

(d) रामप्रसाद बिस्मिल

**Ans. (d) :** 9 अगस्त 1925 को घटित काकोरी कांड में कुल 29 भारतीय क्रांतिकारी गिरफ्तार किये गए। इनमें अशफाक उल्ला खाँ, राम प्रसाद बिस्मिल, राजेन्द्र लाहिड़ी तथा रोशन सिंह प्रमुख थे। इन पर मुकदमा चलाकर फांसी दे दी गयी। अशफाक उल्ला खाँ को फैजाबाद में, राम प्रसाद बिस्मिल को गोरखपुर में, राजेन्द्र लाहिड़ी को गोंडा में तथा रोशन सिंह को इलाहाबाद में फांसी दी गयी थी।

**12. नीचे 'पत्रिकाओं' की सूची दी गयी है। उनमें से किसका सम्बन्ध एनी बेसेंट से था?**

**1. न्यू इण्डिया**

**2. यंग इण्डिया**

**3. इण्डियन पीपुल**

**4. कॉमन वील**

**अपने उत्तर का चयन नीचे दिये गये कूटों का प्रयोग करते हुए कीजिए।**

**कूट:**

(a) 1 तथा 2 (b) 2 तथा 3

(c) 1 तथा 4 (d) 3 तथा 4

**Ans. (c) :** 'न्यू इण्डिया' एवं 'कॉमनवील' नामक पत्रिकाओं का संबंध एनी बेसेन्ट से है। 'यंग इण्डिया' महात्मा गाँधी की पत्रिका है।

**13. 'वानर सेना' और 'मंजरी सेना' सम्बद्ध है**

(a) असहयोग आन्दोलन से

(b) सविनय अवज्ञा आन्दोलन से

(c) खिलाफत आन्दोलन से

(d) भारत छोड़ो आन्दोलन से

**Ans. (b) :** 'वानर सेना' एवं 'मंजरी सेना' का सम्बन्ध सविनय अवज्ञा आंदोलन (1930) से है। गांधी जी द्वारा शुरू किये गये इस आंदोलन को लोकप्रिय बनाने हेतु बच्चों को लेकर 'वानर सेना' तथा बालिकाओं को लेकर 'मंजरी सेना' का गठन किया गया था।

Adda247

GET IT ON Google Play

14. महात्मा गाँधी के साथ चम्पारन सत्याग्रह में भाग लेने वालों में सम्मिलित थे

(a) वल्लभभाई पटेल और विनोबा भावे
(b) जवाहरलाल नेहरू और राजेन्द्र प्रसाद
(c) राजेन्द्र प्रसाद और अनुग्रह नारायण सिन्हा
(d) महादेव देसाई और मनीबेन पटेल

**Ans. (c) :** चम्पारन सत्याग्रह भारत में गाँधी जी का प्रथम सत्याग्रह था। यह तिनकठिया पद्धति के विरूद्ध गाँधी जी द्वारा 1917 में शुरू किया गया। तिनकठिया पद्धति के तहत किसानों को अपनी जमीन के 3/20वें भू भाग में नील की खेती करना अनिवार्य था। चम्पारन आंदोलन में गाँधी जी का साथ राजेन्द्र प्रसाद, अनुग्रह नारायण सिन्हा, जे.बी. कृपलानी, महादेव देसाई आदि ने दिया था।

15. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

कथन (A) : भारत छोड़ो आन्दोलन का तुरन्त कोई परिणाम नहीं निकला।

कारण (R) : इसे भारतीय साम्यवादी दल तथा मुस्लिम लीग का समर्थन प्राप्त नहीं था।

नीचे दिये गये कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए:

कूटः

(a) A और B दोनों सही हैं और R,A की सही व्याख्या करता है।
(b) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) A सही है, परन्तु R गलत है।
(d) A गलत है, परन्तु R सही है।

**Ans. (b) :** उपर्युक्त प्रश्न में कथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता। 1942 में शुरू हुए भारत छोड़ो आंदोलन का तत्काल कोई परिणाम नहीं मिल सका। भारत छोड़ों आंदोलन को भारतीय साम्यवादी दल तथा मुस्लिम लीग का समर्थन प्राप्त नहीं था।

16. 'होम रूल' आन्दोलन का मुख्य ध्येय क्या था?

(a) ब्रिटिश शासन को भारत से हटाना।
(b) स्वतंत्रता की लड़ाई हेतु हिन्दू-मुस्लिम एकता बनाये रखना।
(c) भारतीयों का अपना तथा स्वतंत्र शासन भारत में स्थापित करना।
(d) भारत में 'ब्रिटिश साम्राज्य' के अन्दर 'स्वशासन' प्राप्त करना।

**Ans. (d) :** भारत में स्वशासन आंदोलन की शुरूआत मूलतः एनी बेसेन्ट द्वारा 2 जनवरी 1914 को कॉमनवील पत्रिका के प्रकाशन के साथ की गयी। तिलक ने अप्रैल 1916 में होमरूल लीग की स्थापना की जबकि एनी बेसेन्ट ने सितम्बर 1916 में होमरूल लीग की स्थापना की। होमरूल आंदोलन (स्वशासन आंदोलन) का मुख्य ध्येय भारत में 'ब्रिटिश साम्राज्य' के अंदर 'स्वशासन' प्राप्त करना था।

17. द्वैध शासन प्रणाली भारत में कार्यान्वित रही

(a) 1919 से 1921 तक
(b) 1919 से 1928 तक
(c) 1921 से 1937 तक
(d) 1930 से 1937 तक

**Ans. (c) :** भारत में द्वैध शासन प्रणाली 1921 से 1937 तक कार्यान्वित रही। 1919 के अधिनियम की सबसे मुख्य विशेषता थी प्रांतों में उत्तरदायी सरकार की स्थापना के लिए द्वैध शासन व्यवस्था की शुरुआत। इस प्रणाली के जन्मदाता सर लियोनिल कार्टिश थे। वहीं 1935 के अधिनियम के द्वारा द्वैध शासन प्रणाली प्रांतों के स्थान पर केन्द्र में लागू कर दी गयी।

18. उन दो कांग्रेस अध्यक्षों का नाम बताइये जिन्हें गाँधी के अनुयायियों, जो कांग्रेस में बहुमत में थे, के विरोध और असहयोग के कारण पद त्याग करना पड़ा।

1. चित्तरंजन दास
2. मोतीलाल नेहरू
3. सुभाष चन्द्र बोस
4. लाला लाजपत राय

नीचे दिये गये कूटों की सहायता से उत्तर का चयन कीजियेः

कूट :

(a) 1 तथा 2 (b) 2 तथा 3
(c) 3 तथा 4 (d) 1 तथा 3

**Ans. (d) :** चितरंजन दास तथा सुभाष चन्द्र बोस को गाँधी के अनुयायियों, जो कांग्रेस में बहुमत में थे, के विरोध एवं असहयोग के कारण कांग्रेस के अध्यक्ष पद से त्याग पत्र देना पड़ा। चितरंजन दास ने 1922 के गया अधिवेशन में जबकि सुभाषचंद्र बोस ने 1939 के त्रिपुरी अधिवेशन में कांग्रेस के अध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे दिया था।

19. किस कालानुक्रम में निम्नलिखित घटनायें घटित हुयीं?

A. चौरी-चौरा की घटना
B. जालियांवाला बाग हत्याकांड
C. रौलेट सत्याग्रह
D. चम्पारन सत्याग्रह

नीचे दिये गये कूटों से सही उत्तर चुनिये :

कूट :

(a) A, B, C, D (b) B, C, D, A
(c) D, C, B, A (d) C, B, D, A

**Ans. (c) :** उपरोक्त घटनाओं का सही कालानुक्रम–
(i) चम्पारन सत्याग्रह – 1917
(ii) रौलेट सत्याग्रह – 6 अप्रैल 1919
(iii) जलियांवाला बाग हत्याकांड – 13 अप्रैल 1919
(iv) चौरी चौरा की घटना – 5 फरवरी 1922

Adda247

GET IT ON Google Play

20. "नेशनल लिबरेशन फेडरेशन ऑफ इण्डिया" किस प्रकार अस्तित्व में आया?
(a) ब्रिटिश शासन की "बाँटो तथा राज करो" कूट नीति के कारण।
(b) कांग्रेस में नरमपंथियों तथा उग्रवादियों में मतभेद के कारण।
(c) मुस्लिम लीग द्वारा कांग्रेस से समर्थन वापस लेने के कारण।
(d) चौरी-चौरा घटना के कारण।

**Ans. (b) :** 'नेशनल लिबरेशन फेडरेशन ऑफ इण्डिया' कांग्रेस में नरमपंथियों तथा उग्रवादियों में मतभेद के कारण 1919 में अस्तित्व में आया। नरमपंथियों ने मांटेग्यू रिपोर्ट का स्वागत किया जबकि गरमपंथियों ने इसका विरोध किया। इसी के परिणामस्वरूप नरमपंथी नेता सुरेन्द्र नाथ बनर्जी द्वारा 'नेशनल लिबरेशन फेडरेशन ऑफ इण्डिया' की स्थापना की गयी।

21. 1857 के विद्रोह के बारे में सर्वप्रथम इसे "भारत की स्वतंत्रता की पहली लड़ाई" कहा था
(a) ताराचन्द ने (b) आर.सी. मजूमदार ने
(c) बिपिन चन्द्रा ने (d) वी.डी. सावरकर ने

**Ans. (d) :** "The first war of Indian Independence of 1857" नामक अपनी पुस्तक में वी.डी. सावरकर ने 1857 के विद्रोह को सर्वप्रथम "भारत की स्वतंत्रता की पहली लड़ाई" कहा था। आर.सी. मजूमदार ने 1857 के विद्रोह को "तथाकथित प्रथम राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम न प्रथम, न राष्ट्रीय और न ही स्वतंत्रता संग्राम था" कहा था।

22. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम मुस्लिम अध्यक्ष कौन थे?
(a) हकीम अजमल खान (b) रफी अहमद किदवई
(c) बदरूद्दीन तैय्यबजी (d) अबुल कलाम आजाद

**Ans. (c) :** बदरूद्दीन तैय्यबजी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम मुस्लिम अध्यक्ष थे। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का तीसरा अधिवेशन दिसम्बर 1887 में मद्रास में सम्पन्न हुआ। इसमें 607 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अधिवेशन की अध्यक्षता के लिए बदरूद्दीन तैय्यबजी को चुना गया। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम अध्यक्ष व्योमेश चंद्र बनर्जी थे।

23. निम्न कथनों पर विचार कीजिये:
कथन (A): भारत का विभाजन दो राष्ट्र सिद्धान्त पर आधारित था।
कारण (R): मोर्ले-मिन्टो सुधारों से ही कांग्रेस लगातार मुसलमानों के लिए पृथक निर्वाचकों का सिद्धान्त स्वीकार करती आयी थी।
सही उत्तर का चयन नीचे दिये गये कूटों की सहायता से कीजिये :
कूटः
(a) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है, परन्तु R गलत है।
(d) A गलत है, परन्तु R सही है।

**Ans. (c) :** उपर्युक्त प्रश्न में कथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत है। भारत का विभाजन दो राष्ट्र सिद्धांत पर आधारित था। मार्ले–मिंटो सुधारों में मुसलमानों ने पृथक निर्वाचकों के सिद्धांत को कांग्रेस ने स्वीकार नहीं किया था। 1916 में लखनऊ समझौते के तहत् कांग्रेस ने लीग की पृथक निर्वाचन मंडल की मांग स्वीकार की।

24. नीचे दिये गये कूटों की सहायता से निम्नलिखित घटनाओं को काल क्रमानुसार लिखिये जिनकी परिणति भारत के विभाजन के रूप में हुयी:
1. मुसलमानों के लिए पृथक निर्वाचक मण्डलों की व्यवस्था
2. मुस्लिम लीग का जन्म
3. प्रत्यक्ष कार्यवाही दिवस
4. मुस्लिम लीग द्वारा पाकिस्तान प्रस्ताव का पारित किया जाना
कूट :
(a) 1, 2, 3, 4 (b) 2, 1, 4, 3
(c) 2, 3, 1, 4 (d) 1, 3, 4, 2

**Ans. (b) :** उपर्युक्त घटनाओं का सही कालानुक्रम–
(i) मुस्लिम लीग का जन्म – दिसम्बर, 1906
(ii) मुसलमानों के लिए पृथक निर्वाचक मंडलों की व्यवस्था – 1909
(iii) मुस्लिम लीग द्वारा पाकिस्तान प्रस्ताव पारित – 23 मार्च 1940
(iv) प्रत्यक्ष कार्यवाही दिवस – 16 अगस्त 1946

25. भारत को एक संविधान देने का प्रस्ताव संविधान सभा द्वारा पारित किया गया था
(a) जनवरी 22, 1946 को
(b) जनवरी 22, 1947 को
(c) फरवरी 20, 1947 को
(d) जुलाई 26, 1946 को

**Ans. (b) :** 13 दिसम्बर 1946 को पं. जवाहर लाल नेहरू ने संविधान का उद्देश्य प्रस्ताव सभा में प्रस्तुत किया। 22 जनवरी 1947 को संविधान सभा द्वारा भारत को एक संविधान देने का उद्देश्य प्रस्ताव पारित किया गया।

26. उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा राज्य सभा में भेजे जा सकने वाले प्रतिनिधियों की संख्या है
(a) 22 (b) 32
(c) 34 (d) 38

Adda247 GET IT ON Google Play

**Ans. (*) :** वर्तमान में उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा राज्य सभा में भेजे जा सकने वाले प्रतिनिधियों की संख्या 31 है जबकि प्रदेश से लोक सभा भेजे जा सकने वाले प्रतिनिधियों की संख्या 80 है। उत्तर प्रदेश से उत्तराखण्ड के अलग होने से पहले उत्तर प्रदेश में राज्य सभा की सीट 34 थी किन्तु उत्तराखण्ड के अलग होने के पश्चात् उत्तर प्रदेश में 31 सीटें तथा उत्तराखण्ड में 3 सीटें रह गयी है।

**27. निम्न कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन (A) : संसदीय शासन भारत के लिए उपयुक्त नहीं है।**

**कारण (R) : भारत में संसदीय सम्प्रभुता नहीं है।**

**नीचे दिये गये कूटों की सहायता से सही उत्तर चुनिये:**

(a) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।
(b) A तथा R दोनों सही हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) A सही है, परन्तु R गलत है।
(d) A गलत है, परन्तु R सही है।

**Ans. (a) :** शासन की दो प्रणालियों अध्यक्षात्मक एवं संसदात्मक में से भारत में संसदात्मक शासन व्यवस्था को अपनाया गया है। इसमें मंत्रिपरिषद लोकसभा के प्रति उत्तरदायी होती है। भारत में संसदीय संप्रभुता नहीं है। भारत की संप्रभुता भारतीय जनता में निहित है।

**28. संविधान की निम्नलिखित अनुसूचियों में से कौन सी 'दल-बदल विरोधी कानून' से सम्बन्धित है?**

(a) 19वीं (b) 10वीं
(c) 11वीं (d) 12वीं

**Ans. (b) :** संविधान की दसवीं अनुसूची दल–बदल विरोधी कानून से सम्बन्धित है। 52वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1985 के माध्यम से इस अनुसूची को संविधान में जोड़ा गया। 2003 में 91वें संविधान संशोधन के माध्यम से दसवीं अनुसूची में संशोधन कर केन्द्र एवं राज्यों में मंत्रिपरिषद के आकार को सीमित कर दिया गया।

**29. संविधान की प्रस्तावना सभी भारतीय नागरिकों को निम्न में से कौन सा एक उपलब्ध कराने के लिए वायदा नहीं करती है?**

(a) सामाजिक न्याय (b) राजनीतिक न्याय
(c) विचार की स्वतंत्रता (d) पूजा की समानता

**Ans. (d) :** भारतीय संविधान की प्रस्तावना भारतीय नागरिकों को पूजा की समानता उपलब्ध कराने का वायदा नहीं करती है। प्रस्तावना में 5 प्रकार की स्वतंत्रता (विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना) का उल्लेख है तथा तीन प्रकार के न्याय (सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक) का उल्लेख है। जबकि दो प्रकार की समता (प्रतिष्ठा एवं अवसर) को भी उपलब्ध कराने का वायदा किया गया है।

**30. निम्न में से कौन सा एक सुमेलित नहीं है?**

(a) लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण - बलवन्त राय मेहता
(b) सम्पूर्ण क्रान्ति - चन्द्रशेखर
(c) दलविहीन लोकतंत्र - जयप्रकाश नारायण
(d) अनुशासन पर्व - विनोबा भावे

**Ans. (b) :** सही सुमेल इस प्रकार है–

| | | |
|---|---|---|
| लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण | – | बलवन्त राय मेहता |
| सम्पूर्ण क्रांति | – | जय प्रकाश नारायण |
| दलविहीन लोकतंत्र | – | जय प्रकाश नारायण |
| अनुशासन पर्व | – | विनोबा भावे |

**31. निम्नांकित में से कौन सा संविधान के 42वें संशोधन द्वारा नीति निर्देशक तत्त्वों में नहीं जोड़ा गया?**

(a) शोषण से युवाओं तथा बच्चों की सुरक्षा
(b) समान न्याय तथा निःशुल्क कानूनी सलाह
(c) सभी नागरिकों के लिए समान आचार संहिता
(d) उद्योगों के प्रबन्धन में श्रमिकों की भागीदारी

**Ans. (c) :** उपर्युक्त विकल्पों में सभी नागरिकों के लिए समान आचार संहिता (यूनिफॉर्म सिविल कोड) को 42वें संविधान संशोधन द्वारा नीति निदेशक तत्त्वों में नहीं जोड़ा गया। इसका उल्लेख संविधान के अनु. 44 में प्रारम्भ से ही है। जिसके अनुसार राज्य भारत के समस्त राज्य-क्षेत्र में नागरिकों के लिये एक समान सिविल संहिता प्राप्त कराने का प्रयास करेगा।

**32. भारत के ग्यारहवें वित्त आयोग का अध्यक्ष कौन था?**

(a) टी.एन. धर (b) एम.एस. अहलुवालिया
(c) ए.एम. खुसरो (d) के.सी. पन्त

**Ans. (c) :** ग्यारहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष ए.एम. खुसरो थे। संविधान के अनु. 280 के तहत प्रत्येक पाँच वर्ष पर राष्ट्रपति द्वारा वित्त आयोग का गठन किया जाता है। 14वें वित्त आयोग के अध्यक्ष वाई.वी. रेड्डी थे, जबकि 1 अप्रैल 2020 – 31 मार्च 2025 तक के लिए गठित 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एन.के. सिंह हैं।

**33. निम्नलिखित में से कौन सा वैश्वीकरण का मापदण्ड नहीं है?**

(a) सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में विनिवेश
(b) आयात शुल्क में कमी
(c) रुपये को परिवर्तनशील बनाना
(d) प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को स्वच्छन्दता पूर्वक आने देना

**Ans. (a) :** सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में विनिवेश वैश्वीकरण का मापदण्ड नहीं है, जबकि आयात शुल्क में कमी, रुपये को परिवर्तनीय बनाना, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को स्वच्छन्दता पूर्वक आने देना वैश्वीकरण के तहत आते हैं।

**34. संविधान के अनुच्छेद 226 के अन्तर्गत उच्च न्यायालय द्वारा दिया गया निर्देश परिवर्तित किया जा सकता है**

(a) राज्य के विधि मंत्री द्वारा
(b) राज्य सरकार द्वारा
(c) राज्य के राज्यपाल द्वारा
(d) उपरोक्त किसी के द्वारा नहीं

**Ans. (d) :** अनुच्छेद 226 के तहत मूल अधिकारों की रक्षा सहित अन्य विधिक अधिकारों को प्रवृत्त कराने के लिए उच्च न्यायालय रिट निकाल सकता है, साथ ही निर्देश दे सकता है। इस संबंध में दिये गये निर्देश उपर्युक्त विकल्पों में से किसी के द्वारा भी परिवर्तित नहीं किया जा सकता है।

Adda247
GET IT ON Google Play

35. **भारत के वाणिज्यिक बैंकों की ग्राहक सेवा सुधार हेतु बनी कमेटी जानी जाती है**
(a) नरसिम्हन कमेटी (b) रेड्डी कमेटी
(c) रंगराजन कमेटी (d) गोइपोरिया कमेटी

**Ans. (d) :** बैंकों में ग्राहक सुविधा सुधारने के लिए 1990 में एम.एन.गोइपोरिया की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया। इस समिति के सुझाओं पर ध्यान देते हुए बैंकिंग लोकपाल योजना की शुरूआत 15 जून 1995 में की गयी।

36. **1991 से प्रत्यक्ष विदेशी पूँजी निवेश का सबसे बड़ा हिस्सा किस क्षेत्र में गया है?**
(a) कोर व अवस्थापना क्षेत्र (b) उपभोग वस्तु क्षेत्र
(c) पूँजीगत वस्तु क्षेत्र (d) सेवा क्षेत्र

**Ans. (d) :** 1991 से प्रत्यक्ष विदेशी पूँजी निवेश का सबसे बड़ा हिस्सा सेवा क्षेत्र में गया है। अक्टूबर, 2019 में जारी आँकड़ों के अनुसार वर्ष 2019 में 639 अरब रुपये FDI अंर्तप्रवाह के साथ सेवा क्षेत्र शीर्ष प्रत्यक्ष विदेशी पूँजी अंर्तप्रवाह क्षेत्र बना हुआ है।

37. **समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम पूरे देश में निम्नलिखित में से किस योजना में फैला?**
(a) चतुर्थ योजना (b) पाँचवीं योजना
(c) छठीं योजना (d) आठवीं योजना

**Ans. (c) :** समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम पूरे देश में छठीं पंचवर्षीय योजना (1980-85) में फैला। इस कार्यक्रम को भारत सरकार द्वारा सन् 1980 के दौरान लागू किया गया था। IRDP का उद्देश्य गरीबों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के साथ-साथ उनके कौशल को विकसित करने का अवसर प्रदान करना है।

38. **भारत में विदेशी मुद्रा भंडार में सबसे बड़ा हिस्सा जिसका है, वह है**
(a) निर्यात से प्राप्ति की बचतें
(b) अनिवासी भारतीयों की जमा
(c) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष व विश्व बैंक द्वारा दिया गया अनुदान
(d) स्टॉक बाजार में पोर्टफोलियो निवेश

**Ans. (d) :** प्रश्नकाल में भारत में विदेशी मुद्रा भंडार में सबसे बड़ा हिस्सा स्टाक बाजार में पोर्टफोलियों निवेश का है। यह विदेशी मुद्रा भंडार के 4 मदों में से एक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति (FLA) का हिस्सा है। FLA का भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में सर्वाधिक बड़ा हिस्सा है। इसका कारण है विदेशी निवेशकों द्वारा बड़ी परियोजनाओं में बड़ी मात्रा में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश तथा शेयर बाजार में विदे निवेशकों द्वारा भारतीय बाजार पर भरोसा जताते हुए बड़ी मात्र. . पोर्टफोलियो निवेश। रिजर्व बैंक द्वारा 20 दिसम्बर, 2019 को जारी आँकड़ों के अनुसार भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में सबसे बड़ा हिस्सा विदेशी मुद्रा परिसम्पत्ति रही जो 31.1 करोड़ डॉलर की वृद्धि के साथ 422.73 अरब डॉलर पर पहुँच गया जबकि भारत का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 454.95 अरब डॉलर रहा है।

39. **राष्ट्रीय विकास परिषद् का मुख्यतः सम्बन्ध होता है**
(a) पंचवर्षीय योजनाओं के अनुमोदन से
(b) ग्राम विकास योजनाओं के क्रियान्वयन से
(c) विकास परियोजनाओं के निर्माण से
(d) केन्द्र-राज्य वित्तीय सम्बन्ध से

**Ans. (a) :** राष्ट्रीय विकास परिषद का संबंध मुख्यतः पंचवर्षीय योजनाओं के अनुमोदन से होता है। राष्ट्रीय विकास परिषद की स्थापना 6 अगस्त 1952 को की गयी। इसका अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता है तथा सभी राज्यों के मुख्यमंत्री इसके सदस्य होते हैं।

40. **भारत के विदेशी विनिमय कोष के सम्बन्ध में निम्न में से कौन सा कथन सत्य नहीं है?**
(a) इसमें भारतीय रिजर्व बैंक के पास विद्यमान स्वर्ण तथा विदेशी मुद्रा परिसम्पत्तियाँ सम्मिलित होती हैं।
(b) विशेष आहरण अधिकार (SDR) इसमें सम्मिलित नहीं होते हैं।
(c) इसे भारतीय रिजर्व बैंक में रखा जाता है।
(d) भारत में विदेशी विनिमय की वर्तमान स्थिति संतोषप्रद है।

**Ans. (b) :** विदेशी विनिमय कोष में मुख्यतः चार मदें शामिल की जाती हैं– विदेशी मुद्रा सम्पत्ति, सोना, विशेष आहरण अधिकार (SDR) एवं रिजर्व IMF में पोजीशन।

41. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
कथन (A): **पृथ्वी जून की अपेक्षा दिसम्बर में तीव्रतर गति से भ्रमण करती है।**
कारण (R): **पृथ्वी की गति सर्वोच्च होती है जब वह सूर्य से निकटतम दूरी पर होती है।**
**नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिये:**
**कूट :**
(a) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A तथा R दोनों सही हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है, परन्तु R गलत है।
(d) A गलत है, परन्तु R सही है।

**Ans. (a) :** उपर्युक्त प्रश्न में कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा R, A की सही व्याख्या है क्योंकि पृथ्वी की गति तब सर्वोच्च होती है, जब वह सूर्य के निकटतम दूरी पर होती है हम जानते हैं पृथ्वी उत्तरी गोलार्द्ध में शीत ऋतु में जून की अपेक्षा अधिक नजदीक होती है इसीलिए पृथ्वी जून की अपेक्षा दिसम्बर में तीव्रतर गति से भ्रमण करती है।

42. **गोमती कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित में से किस जनपद में प्रदूषण न्यूनीकरण कार्यों पर समुचित बल नहीं दिया गया है?**
(a) जौनपुर (b) लखनऊ
(c) सीतापुर (d) सुल्तानपुर

Adda247
GET IT ON Google Play

**Ans. (c) :** गोमती नदी को घरेलू सीवेज से मुक्त करने हेतु गोमती कार्य योजना का प्रारम्भ भारत सरकार के पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के सहयोग से वर्ष 1993 में प्रारम्भ किया गया। उपर्युक्त विकल्पों में सीतापुर में प्रदूषण न्यूनीकरण कार्यों पर समुचित बल नहीं दिया गया है।

**43. देश, जो विश्व के पर्यटक-यातायात में अग्रणी है, वह है**

(a) स्पेन (b) इटली
(c) यू.एस.ए. (d) फ्रांस

**Ans. (d) :** प्रश्नकाल में फ्रांस पर्यटक यातायात में अग्रणी देश था। WEF द्वारा सितम्बर, 2019 में जारी रिपोर्ट के अनुसार 140 देशों में पर्यटक यातायात की दृष्टि से शीर्ष देश स्पेन हैं, जबकि भारत 6 स्थान के सुधार के साथ 34वें स्थान पर है।

**44. भारत के प्रथम तीन सर्वाधिक गन्ना उत्पादक राज्य है**

(a) बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र
(b) उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक
(c) उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु
(d) बिहार, उत्तर प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश

**Ans. (b) :** वर्ष 2017–18 के अनुसार वर्तमान में तीन सर्वाधिक गन्ना उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश (46.98%), महाराष्ट्र (22.06%) तथा कर्नाटक (7.50%) है।

**45. निम्नलिखित में से कौन सा एक पारिस्थितिक तंत्र पृथ्वी के सर्वाधिक क्षेत्र पर फैला हुआ है?**

(a) मरुस्थलीय पारिस्थितिक तंत्र
(b) घास का मैदान पारिस्थितिक तंत्र
(c) पर्वतीय पारिस्थितिक तंत्र
(d) सामुद्रिक पारिस्थितिक तंत्र

**Ans. (d) :** सामुद्रिक पारिस्थितिक तंत्र पृथ्वी के सर्वाधिक क्षेत्र पर फैला हुआ है। यह पृथ्वी के लगभग 71% भाग पर पाया जाता है। पारिस्थितिक तंत्र का सर्वप्रथम प्रयोग ए.जी. टांसले द्वारा किया गया था।

**46. उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था के विभिन्न प्रखण्डों की अभिनव प्रकृतियाँ निराशाजनक सम्भावनायें दर्शाती हैं**

(a) कृषि में (b) उद्योग में
(c) व्यापार तथा वाणिज्य में (d) सेवाओं में

**Ans. (d) :** उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था के विभिन्न प्रखण्डों की अभिनव प्रकृतियाँ सेवाओं में निराशाजनक सम्भावनायें दर्शाती है।

**47. सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिये:**

| सूची-I (देश) | सूची-II (राजधानियाँ) |
|---|---|
| A. पेरू | 1. हरारे |
| B. जिम्बाब्वे | 2. हवाना |
| C. क्यूबा | 3. वियन्तियाने |
| D. लाओस | 4. लीमा |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (d) | 1 | 2 | 4 | 3 |

**Ans. (c) :** सही सुमेल है–

| | देश | | राजधानियाँ |
|---|---|---|---|
| 1. | पेरू | – | लीमा |
| 2. | जिम्बाम्बे | – | हरारे |
| 3. | क्यूबा | – | हवाना |
| 4. | लाओस | – | वियन्तियाने |

**48. उत्तर प्रदेश में उगाई गयी निम्नलिखित फसलों में से किसकी अवधि न्यूनतम है?**

(a) चना (b) मसूर
(c) अरहर (d) मूँग

**Ans. (d) :** उत्तर प्रदेश में उगायी जाने वाली फसलों में न्यूनतम अवधि मूंग की होती है। इसका सबसे अधिक क्षेत्र झांसी, फतेहपुर, वाराणसी, उन्नाव, रायबरेली तथा प्रतापगढ़ जनपदों में है।

**49. निम्न में से उत्तर प्रदेश के किस जनपद में "थारू" जनजाति पायी जाती है?**

(a) सीतापुर (b) पीलीभीत
(c) खीरी (d) गोरखपुर

**Ans. (c) :** थारू जनजाति के लोग उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र के महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, श्रावस्ती, बहराइच व लखीमपुर खीरी जिलों के उत्तरी भागों में निवास करते हैं। लखीमपुर खीरी जनपद में एक महाविद्यालय थारू जनजाति के लड़के-लड़कियों को शिक्षा प्रदान करने हेतु स्थापित किया गया है।

**50. उत्तर प्रदेश का सबसे घना बसा जिला कौन सा है?**

(a) गौतम बुद्ध नगर (b) गाज़ियाबाद
(c) संत कबीर नगर (d) कानपुर नगर

**Ans. (b) :** 2011 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश का सबसे घना बसा जिला गाजियाबाद है। यहाँ का जन घनत्व 3971 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी है। इसके बाद क्रमशः वाराणसी, लखनऊ, संत रविदास नगर एवं कानपुर नगर का स्थान है।

**51. निम्नलिखित में से किस स्थान पर उत्तर प्रदेश में एक नाभिकीय ऊर्जा परियोजना है?**

(a) ओबरा (b) पनकी
(c) नरोरा (d) हरदुआगंज

**Ans. (c) :** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के नरोरा में नाभिकीय ऊर्जा परियोजना के तहत दो परमाणु रिएक्टर कार्यरत है। जो कि 220 MW विद्युत प्रति इकाई उत्पादन करते हैं।

Adda247 GET IT ON Google Play

52. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:

| सूची-I (योजना) | सूची-II (राज्य) |
|---|---|
| A. मेटूर बाँध | 1. तमिलनाडु |
| B. हीराकुड बाँध | 2. उड़ीसा |
| C. रिहन्द बाँध | 3. उत्तर प्रदेश |
| D. कृष्णराज बाँध | 4. कर्नाटक |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**Ans. (d) :** सही सुमेल है–

| सूची–I | | सूची–II |
|---|---|---|
| A. मेटूर बांध | – | तमिलनाडु |
| B. हीराकुंड बांध | – | उड़ीसा |
| C. रिहन्द बांध | – | उत्तर प्रदेश |
| D. कृष्णराज बांध | – | कर्नाटक |

53. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूटों का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:

| सूची-I (नगर) | सूची-II (उद्योग) |
|---|---|
| A. अहमदाबाद | 1. तेल शोधन |
| B. राउरकेला | 2. रेल कोच |
| C. कपूरथला | 3. लौह इस्पात |
| D. बरौनी | 4. सूती वस्त्र |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 3 | 2 | 1 | 4 |

**Ans. (a) :** सही सुमेल है–

| नगर | | उद्योग |
|---|---|---|
| A. अहमदाबाद | – | सूती वस्त्र |
| B. राउरकेला | – | लौह इस्पात |
| C. कपूरथला | – | रेल कोच |
| D. बरौनी | – | तेल शोधन |

54. निम्नांकित सागरों में से किसमें न्यूनतम लवणता पायी जाती है?

(a) बाल्टिक सागर (b) बेरिंग सागर
(c) भूमध्य सागर (d) लाल सागर

**Ans. (a) :** क्रमागत विकल्पों में न्यूनतम लवणता बाल्टिक सागर में पायी जाती है। यहाँ स्वीडन के तट के निकट 11 प्रति हजार तथा बोथनिया की खाड़ी के मुहाने के निकट केवल 2 प्रति हजार लवणता पायी जाती है। यहाँ तापमान कम होने के कारण वाष्पीकरण कम होता है।

55. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूटों का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:

| सूची-I (खनिज) | सूची-II (उत्पादन क्षेत्र) |
|---|---|
| A. ताँबा | 1. बादाम पहाड़ |
| B. लौह अयस्क | 2. छिन्दवाड़ा |
| C. मैंगनीज | 3. हजारी बाग |
| D. अभ्रक | 4. मोसबानी |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

**Ans. (b) :** सही सुमेल है–

| खनिज | | उत्पादन क्षेत्र |
|---|---|---|
| A. ताँबा | – | मोसाबानी |
| B. लौह अयस्क | – | बादाम पहाड़ |
| C. मैंगनीज | – | छिन्दवाड़ा |
| D. अभ्रक | – | हजारीबाग |

56. एशिया-पैसिफिक स्क्रीन एवार्ड की ज्यूरी का अध्यक्ष, जिन्हें चुना गया है, वह हैं

(a) ऐश्वर्या राय (b) रानी मुखर्जी
(c) सुष्मिता सेन (d) शबाना आजमी

**Ans. (c) :** एशिया–पैसिफिक स्क्रीन अवार्ड की ज्यूरी का अध्यक्ष सुष्मिता सेन को चुना गया था।

57. निम्न वक्तव्यों पर विचार कीजिये :

कथन (A) : भारत की जलवायु पर मानसून का प्रभुत्व है।
कारण (R) : मानसून स्थायी पवन है।
सही उत्तर का चयन नीचे दिये गये कूट से कीजिये :
कूट :

(a) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A तथा R दोनों सही हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है, परन्तु R गलत है।
(d) A गलत है, परन्तु R सही है।

**Ans. (c) :** कथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत है। भारत की जलवायु पर मानसून का प्रभुत्व है। मानसून स्थायी पवन नहीं है। यह किसी क्षेत्र में किसी ऋतु विशेष में ही अधिकांश वर्षा कराती है। मानसून मूलतः हिन्द महासागर एवं अरब सागर की ओर से भारत के दक्षिण–पश्चिम तट पर आनेवाली हवाओं को कहते हैं। जो भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश आदि में भारी वर्षा कराती है। ये ऐसी मौसमी पवन होती है जो दक्षिण एशिया क्षेत्र में जून से सितम्बर तक प्रायः चार माह सक्रिय रहती है।

Adda247
GET IT ON Google Play

58. केन्द्र और नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालैंड (आई.एम.) के बीच एक दशक से चले आ रहे युद्ध विराम की अवधि 31 जुलाई 2007 से जितने समय के लिए बढ़ाई गई है, वह है
(a) छः माह (b) एक वर्ष
(c) दो वर्ष (d) अनिश्चित काल

**Ans. (d) :** केन्द्र और नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड (आई.एम.) के बीच एक दशक से चले आ रहे युद्ध विराम की अवधि 31 जुलाई 2007 से अनिश्चित काल के लिए बढ़ाई गयी है।

59. निम्नांकित युग्मों में कौन सा सुमेलित नहीं है?
(a) जीव मिल्खा सिंह- एथलेटिक्स
(b) पंकज अडवाणी-बिलियर्ड्श तथा स्नूकर
(c) झूलन गोस्वामी-क्रिकेट
(d) तानिया सचदेव-शतरंज

**Ans. (a) :** सही सुमेल है–

| | | |
|---|---|---|
| A. जीव मिल्खा सिंह | – | गोल्फर |
| B. पंकज आडवाणी | – | बिलियर्ड्श तथा स्नूकर |
| C. झूलन गोस्वामी | – | क्रिकेट |
| D. तानिया सचदेव | – | शतरंज |

60. किस टेस्ट क्रिकेटर ने 500 विकेट से ज्यादा विकेट लिए हैं तथा साथ ही साथ शतक भी लगाया है?
(a) शेन वार्न (b) ऐन्ड्रू फ्लिन्टॉफ
(c) अनिल कुम्बले (d) वसीम अकरम

**Ans. (c) :** उपर्युक्त विकल्पों में अनिल कुम्बले ने टेस्ट क्रिकेट में 500 से ज्यादा विकेट लिये हैं तथा साथ ही साथ शतक भी लगाया है।

61. एशिया पैसिफिक इकोनॉमिक कोऑपरेशन का पन्द्रहवाँ शिखर सम्मेलन सितम्बर 2007 में कहाँ हुआ था?
(a) बीजिंग में (b) टोकियो में
(c) सिंगापुर में (d) सिडनी में

**Ans. (d) :** एशिया पैसिफिक इकोनामिक कोऑपरेशन का पंद्रहवाँ शिखर सम्मेलन सितम्बर 2007 में सिडनी में आयोजित किया गया था। 2019 में इसका आयोजन सेंटियागो, चिली में किया गया।

62. 'इन्सैट' सीरीज में भारत ने कई उपग्रह लांच किये हैं, उनमें से अद्यतन इन्सैट-4CR है। भारत द्वारा अब तक इन्सैट सीरीज में कितने उपग्रह लांच किये गये हैं?
(a) 16 (b) 17
(c) 18 (d) 19

**Ans. (b) :** वर्ष 2019 तक इनसैट सिरीज के 41 उपग्रह लाँच किये जा चुके हैं। जबकि प्रश्न पूछे जाने के समय यह संख्या 17 थी।

63. भारत-अमेरिका परमाणु समझौते पर सामान्यतः विदेशी राजधानियों में मूक प्रतिक्रिया रही है। वह कौन सा देश है, जिसने आशंका व्यक्त की है?
(a) चीन (b) पाकिस्तान
(c) रूस (d) दक्षिण अफ्रीका

**Ans. (b) :** भारत–अमेरिका 123 परमाणु समझौते पर सामान्यतः विदेशी राजधानियों में मूक प्रतिक्रिया रही, केवल पाकिस्तान ने आशंका व्यक्त की थी।

64. सीमैप लखनऊ में दिनांक 4 अगस्त 2007 को "एरोमा बायो-ग्राम" परियोजना लांच की गयी। इसके अन्तर्गत किन जनपदों में एरोमा बायो-ग्राम स्थापित करने का प्रस्ताव है?
(a) लखनऊ, रायबरेली (b) रायबरेली, सुल्तानपुर
(c) सुल्तानपुर, फैजाबाद (d) रायबरेली, प्रतापगढ़

**Ans. (b) :** "एरोमा बायो–ग्राम" परियोजना के अंतर्गत रायबरेली तथा सुल्तानपुर जनपदों में एरोमां बायो ग्राम स्थापित किया गया है।

65. मार्च 2007 में व्यापित वर्ष 2004-06 के लिए योजना आयोग के गरीबी आकलन के अनुसार राज्य जिसमें जनसंख्या का सर्वाधिक प्रतिशत गरीबी रेखा के नीचे है, वह है
(a) छत्तीसगढ़ (b) बिहार
(c) झारखण्ड (d) उड़ीसा

**Ans. (a) :** वर्ष 2012 में गठित सी. रंगराजन समिति जिसने जून, 2014 में अपनी रिपोर्ट पेश की। इस रिपोर्ट के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या का 29.5% गरीबी रेखा के नीचे है जिनमें छत्तीसगढ़ (47.9%), मणिपुर (46.7%), ओडीशा (45.9%) एवं मध्य प्रदेश 44.3%) प्रमुख है।

66. प्रसिद्ध उद्योगपति लक्ष्मी निवास मित्तल दो इस्पात संयंत्र लगाने जा रहे हैं
(a) आन्ध्र प्रदेश तथा कर्नाटक में
(b) झारखण्ड तथा उड़ीसा में
(c) केरल तथा तमिलनाडु में
(d) मध्य प्रदेश तथा राजस्थान में

**Ans. (b) :** प्रश्नकाल में प्रसिद्ध उद्योगपति लक्ष्मी निवास मित्तल झारखण्ड तथा उड़ीसा में दो संयंत्र लगाने जा रहे थे।

67. निम्नलिखित में से कौन सा एक युग्म सुमेलित नहीं है?
(a) ई.पी.जेड. -निर्यात प्रोत्साहन
(b) एक्सिम स्क्रिप -निर्यात परिदान
(c) एक्जिट पॉलिसी -आयात नियंत्रक
(d) लरम्स -धन विनिमेयता

**Ans. (c) :** विकल्प (c) सही सुमेलित नहीं है। ई.पी.जेड. निर्यात प्रोत्साहन से सम्बन्धित है। एक्सिम स्क्रिप निर्यात परिदान से संबंधित है तथा लरम्स धन विनिमेयता से संबंधित है। एक्जिट पॉलिसी का अर्थ है, बीमार इकाईयों के बंद होने से विस्थापित औद्योगिक इकाईयों व श्रमिकों के पुनर्गठन से उत्पन्न अधिशेष श्रम बल की छटनी के संबंध में तय नीति।

68. अभी हाल में सर्वश्रेष्ठ मानव विकास प्रतिवेदन के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने जिस राज्य को यू.एन.ऑस्कर से सम्मानित किया है, वह कौन सा है?
(a) छत्तीसगढ़ (b) गुजरात
(c) सिक्किम (d) केरल

Adda247

GET IT ON Google Play

**Ans. (a) :** तत्कालीन समय में सर्वश्रेष्ठ मानव विकास प्रतिवेदन के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने छत्तीसगढ़ राज्य को यू.एन. आस्कर पुरस्कार से सम्मानित किया था।

**69. सुनीता विलियम्स, भारतीय मूल की अमेरिकी नक्षत्र यात्री ने किस अवधि में अन्तरिक्ष में 188 दिन 4 घंटे रहकर विश्व कीर्तिमान स्थापित किया?**

(a) 12 दिसम्बर 2006 से 22 जून 2007 तक
(b) 10 दिसम्बर 2006 से 20 जून 2007
(c) 14 दिसम्बर 2006 से 24 जून 2007 तक
(d) 8 दिसम्बर 2006 से 18 जून 2007 तक

**Ans. (a) :** सुनीता विलियम्स, भारतीय मूल की अमेरिकी नक्षत्र यात्री ने 12 दिसम्बर 2006 से 22 जून 2007 तक की अवधि में अंतरिक्ष में 188 दिन 4 घण्टे रहकर विश्व कीर्तिमान स्थापित किया।

**70. "आसियान" (ए.एस.ई.ए.एन.) द्वारा कुनमिंग (चीन) से प्रारम्भ होकर एक रेल लिंक प्रस्तावित किया गया है, जो जायेगी**

(a) हो-ची मिन्ह सिटी तक (b) बैंकाक तक
(c) कुआलालम्पुर तक (d) सिंगापुर तक

**Ans. (d) :** आसियान (ASEAN) द्वारा कुनमिंग (चीन) से प्रारम्भ होकर एक रेल लिंक सिंगापुर तक प्रस्तावित किया गया है।

**71. निम्नलिखित में से "हैरी पॉटर" नामक पुस्तक श्रृंखला का लेखक कौन है?**

(a) जे.के. रोलिंग (b) लिंडसे लोहान
(c) जूलिया रॉबर्ट्स (d) सांड्रा बुलक

**Ans. (a) :** "हैरी पॉटर" नामक पुस्तक श्रृंखला की लेखिका जे.के. रोलिंग है। इस श्रृंखला में कुल सात उपन्यास हैं जिन पर कुल आठ फिल्में बन चुकी हैं और आस्कर भी जीते हैं।

**72. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूटों का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

| सूची-I (वर्ष 2007 के मैगसेसे पुरस्कार विजेता) | सूची-II (पुरस्कार क्षेत्र) |
|---|---|
| A. वांग शियांग | 1. पत्रकारिता, साहित्य व सृजनात्मक संचार कला |
| B. जे.आर.सालोंगा | 2. सामुदायिक नेतृत्व |
| C. पी.साईनाथ | 3. सरकारी सेवा |
| D. महाबीर पुन | 4. शान्ति व अन्तर्राष्ट्रीय सूझबूझ |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**Ans. (d) :** सही सुमेल है–

| | (वर्ष 2007 के मैग्सेसे पुस्कार विजेता) | पुरस्कार क्षेत्र |
|---|---|---|
| A. | वांग | शांति व अंतर्राष्ट्रीय सूझबूझ |
| B. | शियांग | सरकारी सेवा |
| C. | जे.आर. सालोंगा | पत्रकारिता, साहित्य व सृजनात्मक संचार कला |
| D. | महावीर पुन | सामुदायिक नेतृत्व |

वर्ष 2019 में यह पुरस्कार भारतीय पत्रकार रवीस कुमार सहित कुल पाँच लोगों को दिया गया जो इस प्रकार हैं–

| व्यक्ति | देश |
|---|---|
| रवीस कुमार | भारत |
| कोस्वे पिन | म्यांमार |
| नीलापैंजित अंखाना | थाईलैंड |
| कायाब्याव रमुंडो पुजांते | फिलीपींस |
| किम जोंग की | दक्षिण कोरिया |

**73. यदि $V_a, V_w$ तथा $V_s$ क्रमशः वायु, जल एवं इस्पात में ध्वनि के वेग हो तो**

(a) $V_a < V_w < V_s$ (b) $V_s < V_w < V_a$
(c) $V_w < V_s < V_a$ (d) $V_s < V_w < V_a$

**Ans. (a) :** ध्वनि की चाल उस माध्यम की प्रकृति पर निर्भर करती है। ठोस में ध्वनि की गति सर्वाधिक जबकि गैस में न्यूनतम होती है। इस प्रकार वायु, जल एवं इस्पात में ध्वनि की चाल $V_a < V_w < V_s$ होगी।

**74. 'जेनिको' प्रौद्योगिकी है**

(a) एड्स से बचाने के लिए प्रतिरक्षा पद्धति
(b) खाद्य फसलों की प्रजाति को विकसित करने की विधि
(c) आनुवंशिक रोगों की पूर्व सूचना प्राप्त करने की तकनीक
(d) मोतियाबिन्द से बचाव की तकनीक

**Ans. (c) :** जैनिको प्रौद्योगिकी आनुवांशिक रोगों की पूर्व सूचना प्राप्त करने की तकनीक के माध्यम से माँ के गर्भ में स्थित शिशु में होने वाले विभिन्न विकार या रोगों की भी जानकारी प्राप्त होती है।

**75. निम्न वक्तव्यों पर विचार कीजिये :**

**कथन (A) : 'गोल्डेन राइस' एक ऐसी जैव प्रौद्योगिकीय उपलब्धि है जो उपभोक्ताओं के लिए भी उतनी ही लाभप्रद है जितनी किसानों के लिए।**

**कारण (R) : इस चावल का पीलापन बीटा कैरोटीन की अधिक मात्रा को प्रदर्शित करता है जो यौगिक शरीर में विटामिन A में परिवर्तित हो जाता है**

**सही उत्तर का चयन नीचे दिये गये कूट से कीजिये :**

**कूट :**

(a) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A तथा R दोनों सही हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है, परन्तु R गलत है।
(d) A गलत है, परन्तु R सही है।

GET IT ON Google Play

**Ans. (a) :** 'गोल्डेन राइस' जैव प्रौद्योगिकी एक ऐसी उपलब्धि है जो उपभोक्ताओं के लिये भी उतनी ही लाभप्रद है जितनी कि किसानों के लिए। 'गोल्डेन राइस' में बीटा कैरोटीन बनाने वाला जीन डाला गया है जो शरीर में पहुँचकर विटामिन ए में परिवर्तित हो जाता है। इसके जन्मदाता प्रो. इंगो पोट्रीक्स तथा डॉ. पीटर बेयर है।

**76. निम्न में से कौन कम्प्यूटर आँकड़ें की त्रुटियाँ प्रदर्शित करता है?**

(a) चिप (b) बाइट
(c) बग (d) बिट

**Ans. (c) :** बग कम्प्यूटर आँकड़ों की त्रुटियाँ प्रदर्शित करता है। चिप एक स्टोरेज डिवाइस है। कम्प्यूटर के संदर्भ में 0 तथा 1 को बाइनरी डिजिट्स के नाम से जाना जाता है। इसे संक्षेप में बिट्स भी कहते हैं। 8 बिट्स के संयोजन को बाइट्स कहते हैं।

**77. आयोडीन युक्त हार्मोन है**

(a) थायरॉक्सीन (b) इन्सुलीन
(c) ऐड्रेनेलीन (d) टेस्टोस्टीरोन

**Ans. (a) :** थायरॉक्सिन आयोडीन युक्त हॉर्मोन है। यह थायरॉइड ग्रन्थि से स्रावित होती है। थायरॉक्सिन की कमी से सामान्यतः घेंघा, जड़मानवता आदि दोष होते हैं।

**78. निम्नलिखित में से कौन से सुमेलित है?**

1. हरित क्रान्ति - तिलहन उत्पादन में वृद्धि
2. नीली क्रान्ति - कृषि में खाद्यात्र उत्पादन में वृद्धि
3. गुलाबी क्रान्ति - झींगा मछली उत्पादन में वृद्धि
4. श्वेत क्रान्ति - दुग्ध उत्पादन में वृद्धि

कूट :

(a) 1 तथा 2 (b) 2 तथा 3
(c) 3 तथा 4 (d) 1 तथा 4

**Ans. (c) :** सही सुमेल है–

1. हरित क्रांति - कृषि में खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि
2. नीली क्रांति - मत्स्य उत्पादन में वृद्धि
3. गुलाबी क्रांति - झींगा मछली उत्पादन में वृद्धि
4. श्वेत क्रांति - दुग्ध उत्पादन में वृद्धि

**79. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूटों का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

| सूची-I (यंत्र का नाम) | सूची-II (राशियाँ जो ये नापते हैं) |
|---|---|
| A. एनीमोमीटर | 1. घूर्णन की गति |
| B. एमीटर | 2. उच्च ताप |
| C. टैकोमीटर | 3. वायु गति |
| D. पायरोमीटर | 4. विद्युत धारा |
| | 5. दाबान्तर |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 5 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 3 | 5 | 2 | 1 |
| (d) | 1 | 4 | 5 | 2 |

**Ans. (b) :** सही सुमेल है–

| यंत्र का नाम | | राशियाँ जो ये नापते हैं |
|---|---|---|
| A. एनीमोमीटर | – | वायु गति |
| B. एमीटर | – | विद्युत धारा |
| C. टैकोमीटर | – | घूर्णन की गति |
| D. पायरोमीटर | – | उच्च ताप |

**80. वह कालानुक्रम क्या है जिसमें निम्न चार भारतीय अंतरिक्ष प्रोग्राम शुरू किये गये ?**

1. IGMD 2. STEP
3. APPLE 4. SITE

**सही उत्तर नीचे दिये गये कूटों की सहायता से चुनिये-**

(a) 1,2,3,4 (b) 4,3,2,1
(c) 4,2,3,1 (d) 3,4,1,2

**Ans. (c) :** भारतीय अंतरिक्ष प्रोग्राम का सही कालानुक्रम है–

1. SITE – 1975
2. STEP – 1977
3. APPLE – 1981
4. IGMD – 1983

**81. "घात करो और छिप जाओ" नाम से विख्यात विषाणु है**

(a) आर.एस.वी. विषाणु (b) डाबेर विषाणु
(c) एच.आई.वी विषाणु (d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (a) :** आर.एस.वी. विषाणु को घात करो और छिप जाओ विषाणु भी कहते हैं। इसका पूरा नाम रेस्पिरेटरी सीनसीटियल वायरस है। दो से सात साल की उम्र वाले बच्चों को यह वायरस अधिक प्रभावित करता है।

**82. निम्नलिखित में से किसको "भविष्य का धातु" कहा जाता है?**

(a) ताँबा को (b) लोहा को
(c) टाइटेनियम को (d) एल्यूमिनियम को

**Ans. (c) :** टाइटेनियम को 'भविष्य की धातु' कहा जाता है। एल्युमिनियम को हरी धातु कहा जाता है। यूरेनियम को आशा की धातु कहा जाता है।

**83. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूटों का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये :**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. एपिकल्चर | 1. अंगूर |
| B. सिल्विकल्चर | 2. मछलियाँ |
| C. विटि कल्चर | 3. मधुमक्खी |
| D. पिसि कल्चर | 4. शहतूत के वृक्ष |

Adda247

GET IT ON Google Play

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**Ans. (d) :** सही सुमेल है–

A. एपिकल्चर – मधुमक्खी
B. सिल्विकल्चर – शहतूत के वृक्ष
C. विटिकल्चर – अंगूर
D. पिसिकल्चर – मछलियाँ (मत्स्य)

**84. अतिसूक्ष्म समय अन्तराल (नैनो सेकण्ड से कम) यथार्थतः नापे जाते हैं**

(a) पल्सर द्वारा (b) व्हाइट ड्वार्फ द्वारा
(c) क्वार्ट्ज घड़ी द्वारा (d) परमाणु घड़ी द्वारा

**Ans. (d) :** अति सूक्ष्म समय अंतराल (नैनो सेकेण्ड से कम) यथार्थतः परमाणु घड़ी द्वारा नापे जाते हैं। परमाणु घड़ियाँ भी परमाणु कणों के कंपन के आधार पर काम करती हैं। इस घड़ी के अंदर सीजियम धातु के परमाणु ठीक वैसे ही विद्युत द्वारा कंपन करते हैं जैसे दीवार घड़ी में पेंडुलम में कंपन करते हैं।

**85. 2, 4-डी है**

(a) एक कीटनाशी (b) एक विस्फोटक
(c) एक कवकनाशी (d) एक खरपतवारनाशी

**Ans. (d) :** 2, 4–डी एक खरपतवारनाशी है। ये अपतृणनाशी पौधे के पत्तों, तने अथवा जड़ के सम्पर्क में लाये जाते हैं। ब्यूटाक्लोर भी एक खरपतवारनाशी है।

**86. निम्न में से प्राक्षेपिक मिसाइल कौन है?**

(a) आकाश (b) त्रिशूल
(c) अग्नि (d) पृथ्वी

**Ans. (c) :** प्राक्षेपिक (बैलिस्टिक) मिसाइल छोड़े जाने के बाद हवा में एक अर्द्धचंद्राकार पथ पर चलते हैं और गुरूत्व के प्रभाव में जमीन पर गिरते हैं। इन मिसाइलों का इस्तेमाल आमतौर पर परमाणु बमों के लिए ही होता है। अग्नि शृंखला के मिसाइल प्राक्षेपिक मिसाइल के उदाहरण हैं।

**87. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूटों का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. विश्व एड्स दिवस | 1. 5 जून |
| B. विश्व मानक दिवस | 2. 14 अक्टूबर |
| C. विश्व पर्यावरण दिवस | 3. 1 दिसम्बर |
| D. विश्व विकलांग दिवस | 4. 3 दिसम्बर |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**Ans. (b) :** सही सुमेल है–

A. विश्व एड्स दिवस – 1 दिसम्बर
B. विश्व मानक दिवस – 14 अक्टूबर
C. विश्व पर्यावरण दिवस – 5 जून
D. विश्व विकलांग दिवस – 3 दिसम्बर

**88. निम्नांकित में से कौन सी एक धातु, बहुत अधिक संख्या में स्वचालित वाहनों को रखने वाले शहर की वायु को प्रदूषित कर देती है?**

(a) कैडमियम (b) क्रोमियम
(c) लेड (d) कॉपर

**Ans. (c) :** लेड धातु बहुत अधिक संख्या में स्वचालित वाहनों को रखने वाले शहर की वायु को प्रदूषित कर देती है क्योंकि वाहनों में प्रयुक्त पेट्रोलियम के अपूर्ण दहन से उसमें मौजूद सीसा वायुमण्डल में मुक्त होता है।

**89. खाद्य पदार्थों के परिरक्षण हेतु, निम्न में से किस रसायन को प्रयुक्त किया जाता है?**

(a) सोडियम क्लोराइड (b) सोडियम बेंजोएट
(c) सोडियम टार्टरेट (d) सोडियम एसीटेट

**Ans. (b) :** खाद्य पदार्थों के परिरक्षण हेतु सोडियम बेंजोएट नामक रसायन प्रयुक्त किया जाता है। सोडियम क्लोराइड (NaCl) को साधारण नमक कहते हैं।

**90. निम्नांकित में से कौन सा विटामिन बी कॉम्प्लेक्स समूह से सम्बन्धित नहीं है?**

(a) थायमीन (b) राइबोफ्लेविन
(c) रेटिनॉल (d) पीरीडॉक्सिन

**Ans. (c) :** विटामिन बी कॉम्पलेक्स कई विटामिनों का समूह है जिसमें से प्रमुख विटामिन निम्नलिखित हैं–

विटामिन बी1 – थायमीन
विटामिन बी2 – राइबोफ्लेविन
विटामिन बी3 – पैंटोथेनिक एसिड
विटामिन बी5 – नियासिन
विटामिन बी6 – पायरीडॉक्सिन
विटामिन बी12 – सायनोकोबाल्मिन
रेटिनाल विटामिन ए को कहा जाता है।

**91. निम्नलिखित में से कौन से युग्म सुमेलित हैं? नीचे दिये गये कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिये:**

**1. जेन्टामाइसिन** – एन्टीबायोटिक्स
**2. एक्रीफ्लेविन** – पूर्तिरोधी
**3. सल्फोनल** – निश्चेतक
**4. फिनैसिटिन** – पूर्तिरोधी

कूट :

(a) 1 तथा 2 केवल (b) 1, 2 तथा 3 केवल
(c) 1 तथा 4 केवल (d) 2, 3 तथा 4 केवल

Adda247
GET IT ON Google Play

**Ans. (b) : सही सुमेल है–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. जेन्टामाइसिन | – | एन्टीबायोटिक्स |
| 2. एक्रीफ्लेविन | – | पूर्तिरोधी |
| 3. सल्फोनल | – | निश्चेतक |
| 4. फिनैसिटिन | – | एंटीपायरेटिक्स |

**92. प्राचीन काल के महान विधि निर्माता थे**

(a) अशोक (b) आर्यभट्ट
(c) मनु (d) वात्स्यायन

**Ans. (c) :** प्राचीन काल के महान विधि निर्माता मनु थे। इनकी रचना मनुस्मृति के नाम से जानी जाती है। आर्यभट्ट प्राचीन भारत के महान ज्योतिषविद् और गणितज्ञ थे। इन्होंने आर्यभट्टीयम ग्रंथ की रचना की।

**93. निम्न में से किस वैदिक साहित्य में 'मोक्ष' की चर्चा मिलती है?**

(a) ऋग्वेद (b) परवर्ती संहितायें
(c) ब्राह्मण (d) उपनिषद्

**Ans. (d) :** उपनिषदों में मोक्ष की चर्चा मिलती है। ऋग्वेद सबसे प्राचीन वेद है। वेदों में मोक्ष की चर्चा नहीं की गयी है।

**94. मृत्यात्ररहित नवपाषाणिक स्तर प्रकाश में आया है**

(a) चिरांद से (b) कोल्डिहवा से
(c) संगनकल्लू से (d) गुफ्कराल से

**Ans. (d) :** मृत्यात्ररहित नवपाषाणिक स्तर गुफ्कराल से प्रकाश में आया है। चिरांद (बिहार प्रांत) से प्रचुर मात्रा में हड्डी के उपकरण प्राप्त हुए हैं।

**95. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूटों का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. ओटिटिस | 1. गला |
| B. एनसेफैलाइटिस | 2. कान |
| C. लैरिन्जाइटिस | 3. यकृत |
| D. हेपेटाइटिस | 4. मस्तिष्क |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (b) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

**Ans. (a) : सही सुमेल है–**

| | | |
|---|---|---|
| A. ओटिटिस | – | कान |
| B. एनसेफैलाइटिस | – | मस्तिष्क |
| C. लैरिन्जाइटिस | – | गला |
| D. हेपेटाइटिस | – | यकृत |

**96. निम्नलिखित में से किस मध्य पाषाणिक स्थल से पशुपालन के साक्ष्य उपलब्ध हुए हैं?**

(a) लेखहिया (b) बीरभानपुर
(c) सरायनाहरराय (d) बगोर

**Ans. (d) :** राजस्थान के मध्य पाषाणिक स्थल बागोर से पशुपालन के साक्ष्य मिले हैं। मध्य प्रदेश के आदमगढ़ से भी पशुपालन के प्राचीनतम साक्ष्य मिले हैं। सराय नाहर में केवल मध्य पाषाणिक जीवन के साक्ष्य मिले हैं, पशुपालन के नहीं।

**97. किसका कथन है,**
**"काबुल से लौटने के बाद अकबर एक नये धर्म का संस्थापक एवं प्रधान बन गया"?**

(a) फादर डैनियल बारतोली का
(b) एडवर्ड टेरी का
(c) विलियम फिंच का
(d) विलियम हॉकिन्स का

**Ans. (d) :** "काबुल से लौटने के बाद अकबर नए धर्म का संस्थापक एवं प्रधान बन गया"– यह कथन विलियम हॉकिन्स का है।

**98. गौतम बुद्ध ने सर्वप्रथम किस स्थान पर अपना उपदेश दिया?**

(a) वैशाली (b) बोध गया
(c) राजगृह (d) सारनाथ

**Ans. (d) :** ज्ञान प्राप्ति के बाद बुद्ध सारनाथ आये। यहाँ पर उन्होंने पाँच ब्राह्मण संन्यासियों को अपना प्रथम उपदेश दिया जिसे बौद्ध ग्रंथों में 'धर्म चक्रप्रवर्तन' नाम से जाना जाता है।

**99. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूटों का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी | 1. सुभाष चन्द्र बोस |
| B. स्वराज पार्टी | 2. रामास्वामी नैकर |
| C. फॉरवर्ड ब्लॉक | 3. नरेन्द्र देव |
| D. जस्टिस पार्टी | 4. सी.आर.दास |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**Ans. (b) : सही सुमेल है–**

| सूची–I | सूची–II |
|---|---|
| A. कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी | नरेन्द्र देव |
| B. स्वराज पार्टी | सी.आर. दास |
| C. फॉरवर्ड ब्लाक | सुभाष चन्द्र बोस |
| D. जस्टिस पार्टी | रामास्वामी नैकर |

**100. निम्नलिखित में से किसे 'महाराष्ट्र का सुकरात" कहा गया है?**

(a) बी.जी. तिलक (b) जी.के. गोखले
(c) एम.जी. रानाडे (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** महादेव गोविन्द रानाडे को उनकी प्रचण्ड मेधाशक्ति के कारण "महाराष्ट्र का सुकरात" कहा जाता है। 1867 में एम.जी. रानाडे ने आत्माराम पांडुरंग के साथ मिलकर बम्बई में 'प्रार्थना समाज' की स्थापना की। एम.जी. रानाडे को 'पश्चिमी भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का अग्रदूत कहा जाता है।

Adda247
GET IT ON Google Play

## भाग-II : सामान्य बुद्धि परीक्षण

101. पाँच अंकों का औसत 8 है और अन्त के 3 अंकों का औसत (माध्य) 6 है, तो प्रथम दो अंकों का औसत या माध्य क्या होगा?

(a) 11 (b) 10

(c) 9.5 (d) 11.5

**Ans. (a) :** पाँच अंकों का औसत = 8

अंत के तीन अंकों का औसत = 6

अतः अंत के तीन अंकों का योग = 6 × 3 = 18

$$\text{औसत} = \frac{\text{कुल अंकों का योग}}{\text{कुल अंकों की संख्या}}$$

$$\Rightarrow 8 = \frac{\text{प्रथम दो अंकों का योग} + \text{अंतिम तीन अंकों का योग}}{5}$$

⇒ 40 = प्रथम दो अंकों का योग + 18

$$\text{औसत} = \frac{\text{प्रथम दो अंकों का योग}}{2} = \frac{40-18}{2}$$

∴ प्रथम दो अंकों का औसत = 11

102. एक साइकिल के पहिए का व्यास 70 सेमी. है। साइकिल के पहिए को 13.20 मी. चलने के लिए कितनी बार घूमना होगा?

(a) 18 बार (b) 20 बार

(c) 6 बार (d) 12 बार

**Ans. (c) :**

कुल दूरी = 13.20 मी. = 13.20 × 100 सेमी = 1320 सेमी

साइकिल के पहिए का व्यास = 70 सेमी

पहिए की परिधि = $\pi$ × व्यास

$$= \frac{22}{7} \times 70 = 220 \text{ सेमी}$$

अतः एक चक्कर में चली गई दूरी = 220 सेमी

$$\text{चक्करों की संख्या} = \frac{1320}{220} = 6$$

103. निम्नलिखित में से कौन शेष सभी से भिन्न है?

(a) कौआ (b) कबूतर

(c) तोता (d) बतख

**Ans. (d) :** कौआ, कबूतर और तोता नभचर हैं जबकि बतख जलचर और थलचर दोनों हैं।

104. यदि निम्नलिखित शब्दों को क्रम में व्यवस्थित किया जाय तो बीचो-बीच आने वाला शब्द किस अक्षर से आरम्भ होगा?

दिन, मिनट, घंटा, सेकण्ड, सप्ताह, वर्ष, माह

(a) स (b) दि

(c) मा (d) घं

**Ans. (b) :** शब्दों को क्रम में व्यवस्थित करने पर–

सेकण्ड, मिनट, घण्टा, दिन, सप्ताह, माह, वर्ष

अतः बीच में आने वाला शब्द दिन 'दि' अक्षर से आरम्भ होगा।

105. शृंखला के अन्त में कौन सी संख्या होगी?

37, 29, 22, 16, 11, ..........(?)

(a) 9 (b) 13

(c) 8 (d) 7

**Ans. (d) :**

$$37 \xrightarrow{-8} 29 \xrightarrow{-7} 22 \xrightarrow{-6} 16 \xrightarrow{-5} 11 \xrightarrow{-4} 7$$

अतः शृंखला के अंत में सख्या 7 होगी।

106. लड़कों की एक पंक्ति में राम दाहिने तरफ से सातवें स्थान पर है तथा बाईं तरफ से ग्यारहवें स्थान पर है। इस पंक्ति में कुल कितने लड़के हैं?

(a) 17 (b) 16

(c) 18 (d) 19

**Ans. (a) :** कुल लड़कों की संख्या = राम का दाहिने से स्थान + राम का बायें से स्थान – 1

= 7 + 11 – 1

= 17

107. कुछ दूरी तय करने हेतु दो व्यक्ति A तथा B एक साथ दौड़ना शुरू करते हैं। A की रफ्तार 15 किमी प्रति घण्टा है और B की 20 किमी प्रति घण्टा। A लक्ष्य तक 15 मिनट बाद पहुँचता है, तो दोनों कितनी दूरी तय करते हैं?

(a) 9.5 किमी (b) 10 किमी

(c) 15 किमी (d) उपर्युक्त में कोई नहीं

**Ans. (c) :** माना B, x घण्टे में पहुंचता है,

अतः A $\left(x + \frac{15}{60}\right)$ घण्टे में पहुँचेगा।

∴ $S_1T_1 = S_2T_2$ (दूरी = चाल × समय)

$$15 \times \left(x + \frac{15}{60}\right) = 20 \times x$$

$$x = \frac{3}{4} \text{ घण्टे}$$

$$\text{अभीष्ट दूरी} = 20 \times \frac{3}{4} = 15 \text{ किमी.}$$

108. जैसे राजा किसी राज्य के लिए है वैसे ही राष्ट्रपति है किसके लिए?

1. सीनेट 2. प्रजातन्त्र

3. गणराज्य 4. संसद

(a) 1 (b) 2

(c) 3 (d) 4

**Ans. (c) :** जैसे राजा किसी राज्य के लिए है वैसे ही राष्ट्रपति गणराज्य के लिए होता है।

Adda247
GET IT ON Google Play

**109. निम्न शृंखला में 50 गलत लिखा गया है। शृंखला में 50 के स्थान पर कौन सी संख्या लिखी जानी चाहिए थी?**

**5, 16, 50, 158, 481,...............**


(a) 48 (b) 49
(c) 50 (d) 51

**Ans. (d) :**




$5 \xrightarrow{5\times3+1} 16 \xrightarrow{16\times3+3} \boxed{51} \xrightarrow{51\times3+5} 158 \xrightarrow{158\times3+7} 481....$

अतः 50 के स्थान पर $\boxed{51}$ होगा।

**110. नीचे दी हुई आकृतियों पर विचार कीजिए**




**आकृतियों के दिए हुए अनुक्रम में तर्क के आधार पर क्रमांक 5 पर आने वाली आकृति होगी**

(a) 
(b) 
(c) 
(d) 

**Ans. (b) :** दी गई आकृति में बिन्दुओं का स्थान दक्षिणावर्त एक-एक स्थान आगे बढ़ रहा है अतः क्रमांक 5 पर आने वाली आकृति विकल्प (b) की होगी।

**111. निम्नलिखित पाँच वस्तुओं में कौन सी इन तीनों के सर्वाधिक समान है?**

**आरी, हथौड़ा, रेती**

**1. बोतल 2. कलम 3. पेंचकस**
**4. शिकंजा 5. बढ़ई**

(a) 2 (b) 5
(c) 4 (d) 3

**Ans. (d) :** आरी, हथौड़ा और रेती औजार है।
दिये गये विकल्पों में पेंचकस भी एक प्रकार का औजार है अतः विकल्प (d) सही है।

**112. लोहे की चार छड़ें हैं- 'A', 'B', 'C' तथा 'D'। A लम्बी है C से। B छोटी है D से तथा C लम्बी है D से। सबसे छोटी छड़ कौन सी है**

(a) A (b) C
(c) B (d) D

**Ans. (c) :** सभी चार छड़ों की लम्बाईयों का क्रम इस प्रकार है–

$$A > C > D > B$$

स्पष्ट है कि सबसे छोटी छड़ B है।

**113. जैसे "लम्बा" किसी वस्तु से सम्बद्ध है उसी तरह "तीव्र" सम्बद्ध है निम्न में से किससे ?**

**1. मुलायम 2. धीमा**
**3. ध्वनि 4. स्वर-स्तर**

(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

**Ans. (c) :** जिस प्रकार 'लम्बा' किसी वस्तु की माप बताने से संबंधित है, उसी प्रकार 'तीव्र' का सम्बन्ध ध्वनि के मापन से होगा।

**114. एक अलॉय (मिश्रित धातु) में ताँबा और जस्ता 5 : 3 के अनुपात में है और दूसरे अलॉय में ताँबे और टिन के अनुपात 8 : 5 है। यदि दोनों अलॉय को एक साथ गलाया जाए तो फलस्वरूप प्राप्त अलॉय में प्रति किलोग्राम टिन की मात्रा क्या होगी?**

(a) $\frac{5}{21}$ कि.ग्राम (b) $\frac{21}{5}$ कि.ग्राम
(c) $\frac{31}{5}$ कि.ग्राम (d) $\frac{7}{31}$ कि.ग्राम

**Ans. (a) :** प्रथम अलॉय का अनुपात $\Rightarrow$ Cu : Zn = 5 : 3
माना ताँबा (Cu) की मात्रा = 5x
तथा जस्ता (Zn) की मात्रा = 3x
तब, प्रथम मिश्रण (अलॉय) की कुल मात्रा = 5x + 3x = 8x
अब दूसरे अलॉय का अनुपात $\Rightarrow$ Cu : Sn = 8 : 5
माना ताँबा (Cu) की मात्रा = 8x
तथा टिन (Sn) की मात्रा = 5x
तब, दूसरे मिश्रण की कुल मात्रा = 8x + 5x = 13x
दोनों मिश्रण का कुल भार = 8x + 13x = 21x
प्रति किलोग्राम टिन की मात्रा = $\frac{5x}{21x} = \frac{5}{21}$ किग्रा.

**115. जब किसी दीवार घड़ी में 10 बजकर 8 मिनट बजा हो और उसकी सुइयों को उलट कर रख दिया जाय या एक ही जगह दूसरी को बदल दिया तो वह घड़ी क्या समय बताएगी?**

(a) 2 बजने में 10 मिनट कम
(b) 8 बजकर 10 मिनट
(c) 2 बजने में 8 मिनट कम
(d) 2 बजकर 8 मिनट

Adda247
GET IT ON Google Play

**Ans. (c) : जब दीवार घड़ी की सूइयों को उलट कर रख दिया जाय तब घड़ी में समय–**

11 : 60
– 10 : 08
1 : 52

अतः घड़ी में 1 बजकर 52 मिनट होगा या 2 बजने में 8 मिनट कम है।

**116. एक पंक्ति में खड़े विद्यार्थियों में से दाहिनी ओर से मोहन 9वें नम्बर पर खड़ा है, जबकि सोहन बाईं ओर से 17वें नम्बर पर है और मोहन, सोहन से 11वें नम्बर पर है। पंक्ति में कुल विद्यार्थियों की संख्या कितनी है?**

(a) 37 (b) 36
(c) 35 (d) 34

**Ans. (b) :** सोहन बाईं ओर से 17वें स्थान पर है तथा मोहन सोहन से बायीं तरफ से 11वें स्थान पर है तथा दाईं ओर से 9वें स्थान पर है।
अतः सोहन के दाईं ओर कुल विद्यार्थी = (11 + 9 – 1)
अतः सोहन के दाईं ओर से 20वें स्थान पर है–
अतः पंक्ति में कुल विद्यार्थियों की संख्या = 17 + 20 –1 = 36

**117. निम्नांकित युग्मांकों में एक युग्मांक गलत है, उस गलत युग्मांक को चुनिए।**

**1. 6 – 1 2. 7 – 2 3. 8 – 3**
**4. 9 – 5 5. 10 – 5 6. 11 – 6**

(a) 9 – 5 (b) 10 – 5
(c) 8 – 3 (d) 11 – 6

**Ans. (a) :** दिए गए विकल्प में विकल्प (a) का युग्मांक अन्य सभी से भिन्न है, क्योंकि शेष सभी युग्मों में 5 का अंतर है लेकिन विकल्प (a) युग्म में ऐसा नहीं है।

**118. यदि जंगल में घूमते हुए कोई वनस्पतिज्ञ कोई ऐसा पौधा पा जाय जो पहले कभी न देखा गया हो, उसे क्या कह सकते हैं?**

**1. आविष्कार 2. सृजन**
**3. नूतनतन 4. खोज**

(a) 4 (b) 1
(c) 3 (d) 2

**Ans. (a) :** यदि जंगल में घूमते हुए कोई वनस्पतिज्ञ कोई ऐसा पौधा पा जाय, जो पहले कभी न देखा गया हो तो उसे खोज कह सकते हैं।

**119. कोई लड़का अपनी बहन से इस समय तीन गुना आयु में बड़ा है। चार साल बाद वह अपनी बहन से दुगुनी आयु का होगा। इस समय उसकी बहन की आयु क्या है?**

(a) 2 वर्ष (b) 5 वर्ष
(c) 3 वर्ष (d) 4 वर्ष

**Ans. (d) :** माना लड़के की वर्तमान आयु 3x व उसकी बहन की x वर्ष है।
प्रश्नानुसार–
चार वर्ष बाद लड़के की आयु अपनी बहन की आयु की दोगुनी हो जाएगी–

$3x + 4 = (x + 4) \times 2$
$3x + 4 = 2x + 8$
$3x - 2x = 8 - 4$
$x = 4$ वर्ष

अतः लड़के की बहन की वर्तमान आयु 4 वर्ष होगी।

**120. निम्नलिखित शब्दों में से कौन अन्य गुणात्मक शब्दों से असंगत है?**

(a) वीरता (b) चतुरता
(c) स्वामिभक्ति (d) ईमानदारी

**Ans. (c) :** वीरता, चतुरता तथा ईमानदारी ये गुण स्वप्रेरित है जबकि स्वामिभक्ति दूसरे द्वारा प्रेरित गुण है।

**121. निम्नांकित अंकों की श्रृंखला में अंतिम अंक को इंगित कीजिए।**

**2, 5, 11, 20, 32, ............**

(a) 44 (b) 33
(c) 47 (d) 45

**Ans. (c) :** श्रृंखला का अंतिम अंक इस प्रकार है–

2 → 5 → 11 → 20 → 32 → 47
+3, +6, +9, +12, +15

∴ ? = 47

**122. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द चरित्र-गुण का द्योतक है?**

**1. ख्याति 2. सम्पत्ति 3. असर**
**4. उदारता 5. शक्ति**

(a) 4 (b) 3
(c) 2 (d) 1

**Ans. (a) :** दिए गए शब्दों में चरित्र गुण का द्योतक शब्द उदारता है जबकि अन्य सभी शब्द व्यक्ति की प्रतिष्ठा प्रदर्शित करते हैं।

**123. "नेचर" नामक शोध पत्रिका में प्रकाशित दो दशकों के अध्ययन के परिणाम के आधार पर कहा गया है कि जीवाश्म ईंधन के उपयोग से निकलने वाला $CO_2$ (कार्बन डाइऑक्साइड) अब वृक्षों या भूमि द्वारा सोखा नहीं जा रहा है। इसका परिणाम क्या होगा?**

(a) और अधिक वैश्विक उष्मीकरण
(b) समुद्रतटीय भूमि का आप्लावन
(c) ओजोन परत की और क्षति
(d) उपरोक्त सभी परिणाम

GET IT ON Google Play

**Ans. (d) :** नेचर में प्रकाशित लेख के अनुसार कार्बन डाईऑक्साइड का उत्सर्जन इतना अधिक हो चुका है कि इसे वृक्षों और भूमि द्वारा सोखकर के संतुलित नहीं किया जा सकता है। इसके उत्सर्जन के परिणाम स्वरूप निम्नलिखित घटनाएँ घटित हो रही है–

1. वैश्विक ऊष्मी करण
2. समुद्र तटीय भूमि का आप्लावन
3. ओजोन परत का क्षरण

**124. नीचे दी गई संख्याओं में से उसे चुनिए जिसमें 13 से भाग देने पर 11 शेष बचे और 17 से भाग देने पर 9 शेष बच जाए।**

(a) 339 (b) 388
(c) 369 (d) 349

**Ans. (d) : विकल्प से,** दी गई संख्या में 349 ऐसी संख्या है जिसमें 13 से भाग देने पर 11 शेष व 17 से भाग देने पर 9 शेष प्राप्त होगा।

13)349(26
26
89
78
11 शेष

17)349(20
34
× ×9 शेष

**125. नीचे की अंक शृंखला में अन्त में कौन सा अंक होगा?**

**12, 22, 33, 45, 58, ..........**

(a) 68 (b) 78
(c) 70 (d) 72

**Ans. (d) :** दिए गए शृंखला में अंतिम अंक इस प्रकार है–

12 22 33 45 58 [72]
+10 +11 +12 +13 +14

**126. अंकों की निम्नांकित शृंखला में एक छूट गया है। नीचे दिए विकल्पों में से वह अंक चुनिए जो छूट गया है।**

**1, 5, 2 6, 3, 7, 4, (?), 5**

(a) 9 (b) 7
(c) 8 (d) 6

**Ans. (c) :** रिक्त स्थान पर निम्न संख्या आयेगी–

+1 +1 +1
1 5 2 6 3 7 4 [8] 5
+1 +1 +1 +1

**127. निम्नांकित क्रियाओं में वह एक कौन है जो बाकी सबसे एक वर्ग के रूप में भिन्न है?**

(a) कूदना (b) दौड़ना
(c) उछलना (d) जकड़ना


**Ans. (d) :** कूदना, दौड़ना और उछलने की क्रिया में मुख्य सहायक अंग पैर होता है जबकि 'जकड़ना' की क्रिया में पैर मुख्य सहायक अंग नहीं है।

**128. यदि निम्नांकित शब्दों को किसी दीवार पर लिखा गया हो और दीवार के ठीक सामने एक बड़ा आइना हो, तो इनमें से कौन सा शब्द ठीक वैसा ही दिखेगा जैसा वह दीवार पर लिखा है?**


**1. ROOT 2. ROTOR**
**3. MAMA 4. TOOT**

(a) 2 (b) 4
(c) 3 (d) 1

**Ans. (b) :** शब्द TOOT का दर्पण प्रतिबिम्ब ठीक वही 'TOOT' दिखेगा




**129. निम्नांकित में से कौन सी आकृति शेष तीनों से सर्वथा भिन्न है?**



(1) (2) (3) (4)

(a) 1 (b) 3
(c) 2 (d) 4

**Ans. (d) :** चूँकि आकृतियाँ 1, 2 और 3 में प्रत्येक भुजा द्वारा बहिष्कोण बनता है जबकि आकृति–4 में प्रत्येक भुजा द्वारा बहिष्कोण नहीं बन रहा है। अतः आकृति–4 अन्य तीनों से भिन्न है।

**130. वह शब्द जो 'ठीक' और 'उपयुक्त' दोनों अर्थ रखता है, कहलाता है**

**1. पर्याप्त 2. अच्छा**
**3. समुचित 4. तत्पर**

(a) 1 (b) 3
(c) 4 (d) 2

**Ans. (b) :** 'समुचित' का अर्थ 'ठीक' और 'उपयुक्त' दोनों होता है।

**131. सीता, गीता, राधा, माया तथा प्रभा एक पंक्ति में एक दूसरे के बगल में बैठी हैं। राधा, माया के बाद तीसरे स्थान पर उसकी दाईं ओर है और सीता उसके ठीक बगल में उसकी दाहिनी तरफ है। राधा प्रभा की बाईं ओर दूसरे स्थान पर है। गीता, सीता के बाद उसकी दाहिनी तरफ दूसरे स्थान पर है।**

**इस पंक्ति में ठीक बीचो-बीच कौन है?**

(a) गीता (b) राधा
(c) प्रभा (d) सीता

**Ans. (b) :**

बायीं ओर ← → दायीं ओर
माया ● ● [राधा] सीता प्रभा गीता

अतः स्पष्ट है कि पंक्ति में ठीक बीचो-बीच 'राधा' बैठी हुई है।

Adda247
GET IT ON Google Play

132. अगर दो संख्याओं का गुणनफल 320 है तथा उनका अनुपात 1 : 5 है तो उनका योग क्या है?


(a) 40 (b) 42
(c) 48 (d) 44

**Ans. (c) :** दिया है–
दो संख्याएँ क्रमशः x तथा 5x
प्रश्नानुसार–

$x \times 5x = 320$
$5x^2 = 320$
$x^2 = 320/5$
$x = \sqrt{64}$
$x = 8$


अतः दोनों संख्याओं का योग $= (x + 5x)$
$= 6x$
$= 6 \times 8$
$= 48$

133. नीचे दिए गये d केन्द्र वाले वृत्त में एक समकोण त्रिभुज b-a-c है। त्रिभुज के बिन्दु a से एक लम्ब a-d-e खिंचा है। कोण c-a-d तथा कोण a-d-c का योग कितने अंश का होगा?




(a) $135^\circ$ (b) $90^\circ$
(c) $120^\circ$ (d) $180^\circ$

**Ans. (a) :** दिया है –
ad ⊥ bc
$\because \angle bac = 90^\circ$ (अर्द्धवृत्त का कोण समकोण होता है।)





अतः bc व्यास है।
Δ adc में–
ad = dc = वृत्त की त्रिज्या (d वृत्त का केन्द्र है)
$\because \angle cad = \angle acd$
$\therefore \angle adc + \angle cad + \angle acd = 180^\circ$ (त्रिभुज के तीनों कोणों का योग)
$\Rightarrow 90^\circ + \angle cad + \angle cad = 180^\circ$
$\Rightarrow 2\angle cad = 90^\circ \Rightarrow \angle cad = 45^\circ$
$\therefore \angle cad + \angle adc = 45^\circ + 90^\circ$
$= 135^\circ$

134. P 300 किलो मीटर 'O' के पूर्व है और 'Q' 400 किलोमीटर 'O' के उत्तर है। अगर R, Q तथा P के ठीक बीचो-बीच स्थित है तो Q तथा R की क्या दूरी होगी?

(a) 300 किलो मीटर (b) 350 किलो मीटर
(c) 250 किलो मीटर (d) 260 किलो मीटर

**Ans. (c) :**




ΔQOP में–
$(QP)^2 = (OQ)^2 + (OP)^2$
$\Rightarrow (QP)^2 = (400)^2 + (300)^2$
$\Rightarrow (QP)^2 = 250000$
$\Rightarrow QP = \sqrt{250000}$
$\Rightarrow QP = 500$ किमी.
$\because QP = 2\,QR$
$\therefore QR = \frac{QP}{2}$
$\Rightarrow QR = \frac{500}{2} = 250$ किमी.
अतः Q तथा R की दूरी (QR) = 250 किमी.

135. निम्नांकित श्रृंखला में *x* का क्या मान होगा?
**6, 11, 18, 27, 38, *x*, 66**

(a) 41 (b) 48
(c) 50 (d) 51

**Ans. (d) :** श्रृंखला में x का मान निम्न है–

6 → 11 → 18 → 27 → 38 → x (51) → 66
+5, +7, +9, +11, +13, +15

अतः x का मान '51' है।

136. निम्नांकित में से कौन विषम सदस्य है?

(a) पाउण्ड (मुद्रा में नहीं) (b) लीटर
(c) गैलन (d) वर्ग मीटर

**Ans. (d) :** चूँकि पाउण्ड (मुद्रा में नहीं) लीटर तथा गैलन धारिता की इकाई है, जबकि वर्ग मीटर क्षेत्रफल का मात्रक (Unit) है। अतः वर्ग मीटर विषम है।

Adda247

GET IT ON Google Play

**137. यदि किसी कमरे के फर्श का क्षेत्रफल 1,050 वर्ग मीटर है और उसकी लम्बाई 35 मीटर है तो उसकी चौड़ाई क्या है?**

(a) 40 मीटर (b) 30 मीटर

(c) 32 मीटर (d) 33 मीटर

**Ans. (b) :** माना कमरे की चौड़ाई x मीटर है।

प्रश्नानुसार–

कमरे के फर्श का क्षेत्रफल = लम्बाई × चौड़ाई

$\Rightarrow \quad 1050 = 35 \times x$

$\Rightarrow \quad x = \frac{1050}{35}$


$\Rightarrow \quad x = 30$ मीटर

**138. पाँच किताबें एक दूसरे के ऊपर रखी हैं। किताब C, किताब D के ऊपर है, E किताब A के नीचे है और D किताब A के ऊपर है तथा B किताब E के नीचे है बीचोबीच कौन सी किताब है?**

(a) B (b) C

(c) E (d) A

**Ans. (d) :**




अतः किताब 'A', पाँच किताबों में ठीक बीचो–बीच है।

**139. निम्नांकित में से कौन बारम्बारता आवण्टन का लेखा चित्रीय प्रदर्शन नहीं है?**

(a) बॉक्स आलेख

(b) स्टेम (तना) तथा लीफ (पत्ती) आलेख

(c) प्रकीर्ण चित्र

(d) तोरण

**Ans. (b) :** दिए गए विकल्प में बारम्बारता आवण्टन का लेखा चित्रीय प्रदर्शन स्टेम (तना) तथा लीफ (पत्ती) आलेख नहीं करता है।

**140. A किसी काम को 12 दिन में पूरा कर सकता है। उसी काम को B पूरा करता है, 10 दिन में। A, B और C तीनों मिलकर उसे 5 दिन में पूरा करते हैं। C अकेले उसे कितने दिन में पूरा करेगा।**

(a) 17 दिन (b) 60 दिन

(c) 27 दिन (d) 30 दिन

**Ans. (b) :** A का एक दिन का कार्य $= \frac{1}{12}$

B का एक दिन का कार्य $= \frac{1}{10}$

(A+B+C) का एक दिन का कार्य $= \frac{1}{5}$

C का एक दिन का कार्य $= \left[\frac{1}{5} - \left(\frac{1}{12} + \frac{1}{10}\right)\right]$

$= \left[\frac{1}{5} - \left(\frac{10+12}{120}\right)\right]$

$= \left[\frac{1}{5} - \frac{11}{60}\right]$

$= \frac{1}{60}$

अतः C अकेले उस कार्य को 60 दिनों में पूरा करेगा।

**141. यदि तीन क्रमिक विषम संख्याओं का योग 27 हो तो बीच वाली संख्या क्या होगी?**

(a) 11 (b) 5

(c) 13 (d) 9

**Ans. (d) :** माना तीन क्रमिक विषम संख्याएं, x, x + 2, x + 4 है,–

प्रश्नानुसार–

$x + x + 2 + x + 4 = 27$

$3x = 27 - 6$

$x = 7$

बीच वाली संख्या $= x + 2 = 7+2 = 9$

**142. निम्नांकित में से सबसे बड़ा भिन्न कौन है?**

$\frac{2}{5}, \frac{5}{6}, \frac{11}{12}, \frac{7}{8}$ तथा $\frac{8}{9}$

(a) $\frac{11}{12}$ (b) $\frac{8}{9}$

(c) $\frac{7}{8}$ (d) $\frac{5}{6}$

**Ans. (a) :**

$\frac{2}{5} = 0.4$

$\frac{5}{6} = 0.83$

$\frac{11}{12} = 0.91$

$\frac{7}{8} = 0.87$

$\frac{8}{9} = 0.88$

अतः सबसे बड़ी भिन्न $\frac{11}{12}$ होगी।

Adda247

GET IT ON Google Play

**143. किसी कस्बे की जनसंख्या 8,000 है। पहले वर्ष में यह 10% की दर से और दूसरे वर्ष में 20% की दर से बढ़ जाती है। दो वर्ष बाद यह जनसंख्या कितनी हो जायेगी?**

(a) 10,400 (b) 10,560

(c) 10,626 (d) 10,750

**Ans. (b) :**

दो वर्ष बाद कस्बे की जनसंख्या $= 8000 \times \frac{110}{100} \times \frac{120}{100}$

$= 10560$

**144. किसी शहर की जनसंख्या 3,00,000 है। इसमें से 1,80,000 पुरुष है। जनसंख्या में से 50% लोग शिक्षित हैं। यदि पुरुष में 70% शिक्षित हैं तो अशिक्षित महिलाओं की संख्या का प्रतिशत क्या है?**

(a) 20% (b) 30%

(c) 80% (d) 70%

**Ans. (c) :**

शहर की कुल जनसंख्या = 3,00,000

शहर में पुरुषों की संख्या = 180000

शहर में महिलाओं की संख्या = 120000

शहर की कुल शिक्षित जनसंख्या $= 300000 \times \frac{50}{100} = 150000$

शहर में शिक्षित पुरुषों की संख्या $= 180000 \times \frac{70}{100} = 126000$

शहर में शिक्षित महिलाओं की संख्या = 150000 – 126000

= 24000

शहर में शिक्षित महिलाओं का प्रतिशत

$= \frac{24000}{120000} \times 100 = 20\%$

शहर में अशिक्षित महिलाओं का प्रतिशत = (100–20)% = 80%

**145. निम्नांकित में से कौन इस वर्ग का सदस्य नहीं है?**

(a) मंगल (b) बृहस्पति

(c) बुध (d) अपोलो

**Ans. (d) :** तीनों से भिन्न है क्योंकि अपोलो एक क्षुद्रग्रह/अंतरिक्ष यान है जबकि शेष सभी ग्रह हैं।

**146. यदि मित्र : अच्छा, है तो निम्नलिखित में कौन सही है?**

(a) शत्रु : बुरा (b) पुरुष : स्त्री

(c) शैतान : नीला (d) उच्च : निम्न

**Ans. (a) :** जिस प्रकार मित्र अच्छे होते हैं इसी प्रकार शत्रु बुरे होते हैं।

**147. निम्नांकित शृंखला में छूटी हुई संख्या क्या है?**

**4, 5, 7, 10, 11, 13, 16, ...........**

(a) 20 (b) 18

(c) 19 (d) 17

**Ans. (d) :** शृंखला में छूटी संख्या इस प्रकार है–

4 (+1) 5 (+2) 7 (+3) 10 (+1) 11 (+2) 13 (+3) 16 (+1) 17

**148. A और B फुटबाल तथा हॉकी खेलते हैं C और D बैडमिंटन तथा क्रिकेट खेलते हैं। B और C क्रिकेट एवं फुटबाल खेलते हैं। A और D बैडमिंटन तथा फुटबाल खेलते हैं। इनमें से कौन बैडमिण्टन, फुटबाल तथा हॉकी तीनों खेल सकेगा?**

(a) A (b) B

(c) C (d) D

**Ans. (a) :** खिलाड़ी – खेल

A– फुटबाल, हॉकी, बैडमिण्टन

B– फुटबाल, हॉकी, क्रिकेट

C– बैडमिण्टन, क्रिकेट, फुटबाल

D– बैडमिण्डन, क्रिकेट, फुटबॉल

अतः A बैडमिण्टन, फुटबाल तथा हॉकी तीनों खेलता है।

**149. निम्नांकित में से कौन सी भिन्न $\frac{756}{882}$ के बराबर है?**

(a) $\frac{7}{6}$ (b) $\frac{6}{7}$

(c) $\frac{5}{6}$ (d) उपर्युक्त में कोई नहीं

**Ans. (b) :**

भिन्न $\frac{756}{882}$ बराबर होगी– $\frac{126 \times 6}{126 \times 7} \Rightarrow \frac{6}{7}$

**150. किसी मशीन की कीमत 10% वार्षिक दर से घटती है। यदि इसकी वर्तमान कीमत रू0 4,00,000 है तो इसकी दो साल बाद घटी हुई कीमत क्या होगी?**

(a) 3,20,000 रूपये

(b) 3,26,000 रूपये

(c) 3,80,000 रूपये

(d) 3,24,000 रूपये

**Ans. (d) :** दो वर्ष बाद मशीन की घटी हुई कीमत

$= 4,00,000 \times \frac{90}{100} \times \frac{90}{100}$

$= 40 \times 90 \times 90$

= 324000 रुपये